राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 235
जौनपुर, गुरुवार
12 जून 2025
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
41°C | 32°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8
जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित
www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायराइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह के भाई को पार्टी से निकाला
राहुल गांधी पर बयान देना पड़ा भारी

नई दिल्ली, 11 जून। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई और मपी के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह कांग्रेस से बाहर हो गए हैं। लक्ष्मण सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी ने लक्ष्मण सिंह के राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा और उमर अब्दुल्ला पर किए गए बयानों को गलत माना है। इसके मद्देनजर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ये फैसला लिया है। पार्टी ने कहा लक्ष्मण सिंह की अपमानजनक टिप्पणियों ने सारी हदें पार कर दी हैं। लक्ष्मण सिंह ने 25 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के बाद रॉबर्ट वाड्रा और राहुल गांधी पर बयान दिया था। उन्होंने रॉबर्ट वाड्रा के नमाज वाले बयान पर टिप्पणी की थी। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा था, मुसलमानों को सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने देते इसलिए आतंकवादियों ने हमला किया। इसके जवाब में लक्ष्मण सिंह ने कहा था, ये बचपना हम लोग कब तक झेलेंगे। राहुल गांधी और रॉबर्ट वाड्रा नादान हैं, राहुल गांधी सोच समझकर बात करें, वो नेता प्रतिपक्ष हैं।

उमर अब्दुल्ला पर लगाया था आरोप: साथ ही उन्होंने उमर अब्दुल्ला को आतंकवादियों से मिले होने का भी आरोप लगाया था। लक्ष्मण सिंह ने ये भी कहा था, हमारे नेताओं को थोड़ा सोच-समझकर बोलना चाहिए।

ट्रक-जीप की भिड़ंत में दूल्हा-दुल्हन समेत 5 की मौत
जयपुर के पास हुए हादसे में 8 बराती घायल

जयपुर, 11 जून। जमवारामगढ़ के रायसर थाना इलाके में दौसा-मनोहरपुर हाईवे पर बुधवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। भट्काबास गांव के पास ट्रक और सवारी गाड़ी की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत होने से नव विवाहित दूल्हा-दुल्हन समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में करीब 6-7 लोग घायल हो गए। अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। सवारी गाड़ी में दूल्हा-दुल्हन और परिवार समेत करीब 14 से 15 लोग सवार थे। सूचना मिलने पर रायसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची मृतकों और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पर पोस्ट कर दुख जताया है।

रायसर थाना अधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ के मुताबिक रायसर थाना इलाके में रायसर थाना इलाके में दौसा-मनोहरपुर हाईवे NH-148 पर भट्काबास गांव के पास एक ट्रक और एक सवारी गाड़ी में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में करीब पांच लोगों की मौत हो गई, करीब 6-7 लोग घायल हो गए। दुर्घटना में सवारी गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

शादी के बाद वापस लौट रहा था परिवार: यह सभी लोग मध्य प्रदेश से शादी करके लौट रहे थे। इस दौरान दोसा मनोहरपुर हाईवे पर रायसर थाना इलाके में हादसा हो गया। हादसे के बाद दोसा मनोहरपुर हाईवे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही रायसर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मृतकों के शव मोर्चरी में रखवाए गए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में हटवाकर यातायात को सुचारू करवाया।

सीएम ने जताया दुख: सीएम भजनलाल शर्मा ने एक्स पर पोस्ट कर हादसे के लिए दुख जताया। उन्होंने लिखा कि जयपुर में दौसा-मनोहरपुर हाइवे पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में जनहानि का समाचार अत्यंत दुःखद है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायल नागरिकों का त्वरित चिकित्सीय उपचार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायल नागरिकों को शीघ्रातिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

SINCE : 1981
Affiliated to CBSE (New Delhi)
NEHRU BALODYAN SR. SECONDARY SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-26
KANHAIPUR, VAN VIHAR ROAD, JAUNPUR
SCIENCE • COMMERCE • HUMINITIES
PLAY GROUP To 9TH & 11TH
UPSC Air-1 Result - 24-01-2024 NIKHIL SINGH SCHOOLING- 9 TO 12 (2011-2015)
TRANSPORT INCHARGE 9554586608, 8736006564
KANHAIPUR, JAUNPUR
CONTACT FOR MORE INFO 9415234111, 9415349820 9450089310

जम्मू-कश्मीर के विधानसभा परिसर में लगी आग, ऐतिहासिक तस्वीरें और फर्नीचर जलकर खाक

जम्मू, 11 जून। जम्मू-कश्मीर की शरदकालीन राजधानी जम्मू में स्थित जम्मू-कश्मीर विधानससभा परिसर में बुधवार की सुबह आग लग गई। इस आग में किसी प्रकार की जनक्षति नहीं हुई है, लेकिन इसमें कुछ ऐतिहासिक तस्वीरें, फर्नीचर व कालीन नष्ट हो गए हैं। पुलिस ने इस संदर्भ में एक मामला दर्ज कर, आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

जम्मू-कश्मीर प्रदेश में दो राजधानी शहर जम्मू व श्रीनगर हैं। जम्मू शरदकालीन और श्रीनगर ग्रीष्मकालीन राजधानी है। दोनों ही राजधानी शहरों में विधानसभा भवन हैं। जम्मू में विधानसभा भवन, नागरिक सचिवालय परिसर में ही है। इसके अलावा

एक नया विधानसभा भवन भी निर्माणाधीन है। आग पुराने विधानसभा भवन की इमारत जोकि लगभग सौ वर्ष पुरानी है में लगी है।

संबंधित अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह नौ बजे के करीब विधानसभा भवन की लॉबी में आग की लपटें उठी और तेजी से फैली। परिसर में मौजूद कर्मियों ने जब आग को देखा तो उन्होंने मदद के लिए शोर मचाया। वहीं, पास में तैनात दमकल विभाग के कर्मी भी अपने साजो-सामान के साथ मौके पर पहुंच गए।

आग पर जब तक काबू पाया जाता, जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपालों और उपराज्यपालों की तस्वीरों के अलावा कुछ ऐतिहासिक तस्वीरें, जिनमें जम्मू कश्मीर संविधानसभा के सदस्यों का ग्रुप फोटोग्राफ भी शामिल है, जल गई। तस्वीरों के अलावा सोफा, कुर्सियां और कालीन सहित फर्नीचर को अपनी चपेट में ले लिया।

संबधित अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बिजली की तारों में शॉर्ट सर्किट ही आग कारण नजर आता है, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज कर, आग के कारणों का पता लगाने के लिए छानबीन शुरू कर दी है। जांच पूरी होने के बाद ही आग के सही कारणों का पता चल सकेगा। इस घटना में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी घायल नहीं हुआ है।

1 जुलाई से तत्काल टिकट के लिए आधार सत्यापन जरूरी
15 जुलाई से OTP आधारित होगी बुकिंग

नई दिल्ली, 11 जून। रेलवे ने तत्काल टिकटों की बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। जुलाई से तत्काल टिकट की बुकिंग के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य होगा। इसके साथ ही 15 जुलाई से ऑनलाइन व आरक्षण काउंटर से तत्काल बुकिंग के लिए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) सत्यापन भी जरूरी होगा। तत्काल आवेदन फॉर्म में यात्री की ओर से दिए गए मोबाइल पर रेलवे के सिस्टम से ओटीपी भेजा जाएगा। ओटीपी के पर ही तत्काल टिकट बुक होंगे। आम यात्रियों तक तत्काल सेवा की पहुंच को रेलवे ने नियमों में बदलाव किया गया है। संबंधित आदेश पत्र सेंटर फार रेलवे इंफार्मेशन सिस्टम के प्रबंध निदेशक, आईआरसीटीसी के प्रबंध निदेशक तथा सभी जोन के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक को भेज दिया गया है।

एक जुलाई से (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन) आईआरसीटीसी वेबसाइट और ऐप पर ऑनलाइन तत्काल टिकटों की बुकिंग केवल आधार से प्रमाणित यूजर्स ही कर सकेंगे। 15 जुलाई से रेलवे के आरक्षण काउंटर पीआरएस से तत्काल टिकटों की बुकिंग के लिए भी ओपीटी अनिवार्य होगा। तत्काल बुकिंग केवल रेलवे के सिस्टम से जेनरेटेड ओटीपी के प्रमाणीकरण के बाद ही किया जा सकेगा। ओटीपी आवेदन फॉर्म में दिए गए यात्री के मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। 15 जुलाई से अधिकृत एजेंट से टिकट बुक कराने पर भी मोबाइल आधारित ओटीपी अनिवार्य होगा। अधिकृत एजेंट के लिए भी तत्काल टिकट की बुकिंग के नियमों में बदलाव किया गया है। रेलवे के अधिकृत एजेंट तत्काल बुकिंग शुरू होने के 30 मिनट तक टिकट बुक नहीं करा सकेंगे। एसी की सभी श्रेणियों के लिए सुबह 10.00 से 10.30 तक तथा नान एसी श्रेणी के लिए सुबह 11.00 से 11.30 तक अधिकृत एजेंट को तत्काल बुकिंग की अनुमति नहीं मिलेगी।

अब 24 घंटे पहले बन जाएगा चार्ट: भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण बदलाव की शुरुआत की है। अब वेटिंग लिस्ट में होने वाले यात्रियों को उनकी टिकट की स्थिति ट्रेन रवाना होने से 24 घंटे पहले ही पता चल जाएगी। अभी तक यह जानकारी केवल 4 घंटे पहले मिलती थी। यह जानकारी रेलवे मंत्रालय ने बुधवार को दी। इस नई व्यवस्था का ट्रायल बीकानेर डिवीजन में 6 जून, 2025 से शुरू हो चुका है। यह कदम यात्रियों की आखिरी समय की अनिश्चितता को कम करने और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

School No. : 70622
Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2025-26
Science, Commerce & Humanities
RNTSSS
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com

Referral Book
The Most Advanced 192 Slice Siemens CT Scan Facility in Purvanchal
Diagnato
diagnostics realm
• CT Coronary Angiogram
• Brain Angiography

प्रेमिका के घर मिला प्रेमी का शव, हत्या की आशंका
प्रेमिका को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

संत कबीर नगर, 11 जून। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम अगया उर्फ सिदाही में मंगलवार की आधी रात प्रेमिका के घर में 24 वर्षीय प्रेमी का शव पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया है, शव को कब्जे में लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस मृत युवक की प्रेमिका को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

घटना की सूचना पाकर सीओ प्रियम शेखर पांडे और थाना अध्यक्ष महोली रजनीश राय मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। पीड़ित मां की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना को लेकर गांव में दो पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए पीड़ित व आरोपित के घर फोर्स तैनात कर दी गई है

महुली थाना क्षेत्र के ग्राम अगया उर्फ सिदाही निवासी 24 वर्षी राजपाल पुत्र स्वर्गीय प्रहलाद का पड़ोस में ही

एक विवाहिता से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दूसरी ओर जमीन संबंधी विवाद को लेकर भी गांव के कुछ लोगों से उसकर रंजिश थी। घटना के दो दिन पहले जमीन संबंधी विवाद को लेकर राजपाल को कुछ लोगों ने जान माल की धमकी दी थी।

मृतक की मां सुशीला ने बताया कि मंगलवार की देर रात गांव की ही प्रेमिका ने मेरे पुत्र राजपाल को आधी रात मोबाइल पर फोन कर अपने घर पर बुलाया। वह उसके बुलाने पर स्वजन को बिना बताए उससे मिलने चला गया। थोड़ी देर बाद प्रेमिका ने खुद आकर उसे बताया कि राजपाल का शव उसके बरामदे में पड़ा हुआ है। उसने आत्महत्या कर लिया है। यह सुनकर स्वजन भागकर उसके घर पहुंचे तो देखा राजपाल का शव फर्श पर पड़ा है।

उसके सिर, गले और पैर में चोट के निशान है। रात में ही दो बजे इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर घटना के बारे में पूछताछ करने लगी। मृतक के स्वजन का आरोप है जमीन संबंधी विवाद को लेकर उसे आधी रात को साजिश करके बुलाया और उसकी सुनियोजित ढंग से हत्या करा दी।

इस घटना को लेकर आक्रोशित स्वजन के साथ ग्रामीणों ने थाने पर जमकर हंगामा किया। थानाध्यक्ष के कार्रवाई के आश्वासन पर वे माने। तहरीर के आधार पर प्रेमिका व अन्य अज्ञात के विरूस्द्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस घटनास्थल से ही प्रेमिका को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

थाना अध्यक्ष रजनीश राय ने बताया कि मामला पूरी तरह से आसनाई का है। इसमें जमीन संबंधी कोई मामला नहीं है। फिलहाल एहतियात के तौर पर गांव में फोर्स को तैनात कर दी गई है।

जय माँ गायत्री सुपरस्पेशलिटी
पेन हॉस्पिटल/क्लीनिक एवं पैलिएटिव केयर (दर्द चिकित्सालय)
वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर
दर्द क्लीनिक (पेन क्लीनिक)
दर्द विभाग- पुराना दर्द की चिकित्सा विशेषज्ञता का हॉस्पिटल जनपद में पहली
पेन मैनेजमेंट डिपार्टमेंट
बार इन्टरवेंशनल पेन प्रोसीडर सर्जरी द्वारा बिना चीर फाड़ के दर्द से तत्काल आराम।
चेहरे का दर्द, घुटने का दर्द, स्पाइन का दर्द, गर्दन का दर्द, न्यूरो (नस) का दर्द, कैंसर का दर्द, माइग्रेन का दर्द इत्यादि।
पुराना दर्द से आराम न मिलने पर दर्द विभाग में अवश्य दिखायें
पैलिएटिव मेडिसिन विभाग- पैलिएटिव विभाग/विशेषज्ञता का जनपद में पहली बार प्रारम्भ पुराना गंभीर जनरल मेडिसिन/ सायकियाट्रिक/न्यूरोलॉजी/ कार्डियोलॉजी/ टी.बी. एवं चेस्ट/ आन्कोलॉजी (कैंसर विभाग)/HIV विभाग इत्यादि से सम्बन्धित रोगों/ विशेषज्ञों के यहाँ से आराम न मिलने पर पैलिएटिव मेडिसिन विभाग/विशेषज्ञता में एक बार अवश्य दिखायें।
क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग- इमरजेंसी डाक्टरों की हर समय सुविधा/उपलब्धता
(आई.सी.यू. & वेन्टीलेटर)
24 Hours सेवा
डेंगू, मलेरिया, निमोनिया हार्ट अटैक, साँस फूलना इत्यादि।
डा. विवेक शुक्ला
M.D. एनेस्थिसियोलॉजी & क्रिटिकल केयर
F.P.M (Fellow Pain Management & Palliative Care)
दर्द प्रबंधन विशेषज्ञ (पेन स्पेशलिस्ट), पैलिएटिव फिजिशियन
एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट Regd.No.- 53800

A Place Of Scientific, Situational & Sequential Learning...
ST. MARRY CONVENT SCHOOL
Session 2025-26
ADMISSION OPEN
For Classes PG to IX
Ph No.: 9598785972, 7007410872
Add.: Purani Bazar, Jaunpur

SALVATION HOSPITAL साल्वेशन हॉस्पिटल
पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना सम्बद्ध अस्पताल
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव B.A.M.S. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी
नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O. (APOLO HOSPITAL)
P.G.D.S. Member of Indian Medical Association
UPMCI Rg. No. 95653
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

20 Year
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है।

बाबा साहब के अधूरे कारवां को पूरा करने को संगठन संकल्पित

भाईचारे के साथ संगठन को करें मजबूत : विनोद

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में जिला स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक रमेश कुशवाहा के अध्यक्षता में राबर्टसगंज नगर पालिका अंतर्गत स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में विनोद बागड़ी मुख्य सेक्टर प्रभारी मिर्जापुर मंडल /वाराणसी मंडल रहे। विशिष्ट अतिथि अमरजीत गौतम मुख्य सेक्टर प्रभारी मिर्जापुर मंडल जगन्नाथ पाल मुख्य सेक्टर प्रभारी मिर्जापुर मंडल गुड्डू राम मुख्य सेक्टर प्रभारी मिर्जापुर मंडल पन्नालाल मुख्य मंडल प्रभारी मिर्जापुर मंडल लल्लू गौतम मुख्य सेक्टर प्रभारी मिर्जापुर मंडल प्रीतम गिरी रामविचार गौतम जिला प्रभारी बी सागर साहब जिला संयोजक अरविंद निषाद जिला संयोजक हीरालाल सायन साहब पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अविनाश शुक्ला पूर्व मुख्य मंडल प्रभारी मिर्जापुर मंडल रहे। बैठक का संचालन डा0 राम अवतार चौहान पूर्व जिला महासचिव ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सबसे पहले एक मिशन है मिशन मूवमेंट आगे बढ़ाने के लिए समय-समय से जन्मे संतो गुरुओ महापुरुषों ने अपने जीवन को समर्पित कर दिया बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भी अपने जीवन काल में शोषित वंचित समाज के लिए संघर्ष करते रहे बाबा साहब के अधूरे कारवां को पूरा करने के लिए बहुजन नायक मान्यवर मसीहा कांशीराम साहब ने बहुजन समाज पार्टी का स्थापना कर आयरन लेडी बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में बसपा की सरकार बनाने का काम किया और कारवां चलता रहा आगे बढ़ता रहा इस कारवां को रुकने नहीं देना है लेकिन राजनीतिक मास्टर चाबी जब तक बहुजनों के हाथ में नहीं आएगी तब तक सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के तर्ज पर चलने वाली बहुजन समाज का मूवमेंट आगे नहीं बढ़ पाए इसलिए सर्व समाज के हित के लिए बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनाने की जरूरत है तभी सर्व समाज के लोगों को मान सम्मान स्वाभिमान की रक्षा हो सकती है। अमरजीत गौतम ने कहा कि आज वर्तमान की सरकार दलित शोषित वंचित समाज के साथ दुर्व्यवहार करने का काम कर रही है इनको हर व्यवस्था से वंचित किया जा रहा है चारों तरफ भ्रष्टाचार अत्याचार और गरीब से गरीब व्यक्तियों का शोषण कर रही है कानून व्यवस्था ध्वस्त है ऐसी सरकारों को बने रहने का कोई अधिकार नही है बहुजन समाज के लोगों को जागना होगा। जगन्नाथ पाल साहब ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने के सेक्टर से लेकर बुथ तक संगठन को मजबूती प्रदान करने की जरूरत है बहन कुमारी मायावती के निर्देश पर सेक्टर को दुरुस्त करने के लिए अभियान चलाकर मजबूती प्रदान करना है तभी आने वाले समय में हम सभी लोगों को मिलकर बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार बनाएं ज़रूरत है।

बी सागर साहब ने कहा कि मान्यवर मसीहा कांशीराम साहब के सपने को साकार करने के लिए जन-जन तक पहुंच कर बसपा सरकार में किए गए कार्यों का उल्लेख करना होगा और पुनः मिशनरी लोगों को साथ में लेकर बहन के सोशल इंजीनियरिंग को जन-जन तक पहुंचाना होगा तभी सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के तर्ज पर काम करने वाली बहुजन समाज पार्टी पुनः सत्ता में वापस आएगी।

बसपा जिलाध्यक्ष रमेश कुशवाहा साहब ने कहा कि सेक्टर से लेकर बूथ तक के कार्यकर्ताओं के साथ भाईचारा बनाकर पुनः संगठन के मजबूती पर काम करना है जिले के एक-एक बूथ पर मिशनरी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अभियान चलाकर कंधे से कंधा मिलाकर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बहुजन नायक मसीहा मान्यवर कांशीराम साहब के सपनों को पूरा करने के लिए तत्काल प्रभाव से जुट जाएं आने वाले समय में बहुजनों की ताकत को दिखाकर अधिक से अधिक सीटें जीत कर बहन के हाथों को मजबूत करें।

मोदी सरकार का 11 साल रहा बेमिसाल : सांसद

भदोही। सांसद डॉ.विनोद कुमार बिंद ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल पूरे हो गए। उन्होंने 11 साल के कार्यकाल में गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों को गिनाया। सांसद ने कहा कि बीते 11 साल में मोदी सरकार का हर कदम सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। यह उपलब्धियां न सिर्फ अभूतपूर्व है बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के जीवन को आसान बनाने वाली है। उक्त बातें सांसद श्री बिंद बुधवार की सायं नगर के मर्यादपट्टी स्थित कालीन भवन के एकमा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की जनता को गरीबी के चंगुल से निकलाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। जिसमें सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे और समावेश पर ध्यान केंद्रित किया। तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को लाकर गरीबों के जीवन को बेहतर बनाना गया। पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, जन धन योजना आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने लोगों को आवास, स्वच्छ रसोई ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान की है। सांसद ने कहा कि डीबीटी, डिजिटल समावेश और ग्रामीण बुनियादी ढांचे पर जोर ने पारदर्शिता और अंतिम व्यक्ति तक तेजी से लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया।

एनसीएल की निगाही परियोजना में आयकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना ने गत मंगलवार को आयकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एनसीएल निगाही द्वारा यह कार्यक्रम कर्मियों को आयकर की जटिलताओं, दायित्वों एवं सही प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

इस दौरान आयकर विभाग, सिंगरौली से आयकर अधिकारी, श्री पंकज कुमार, आयकर निरीक्षक, श्री धर्मेंद्र कुमार एवं श्री सौरभ अग्निहोत्री ने उपस्थित सभी को करदाता भूमिका, सही कर विवरण भरने के महत्व, आयकर नोटिस प्राप्त होने की स्थिति में आवश्यक कदम, गलत रिटर्न भरने पर होने वाली जटिलताएं, और रिटर्न त्रुटियों से संबंधित सुधार प्रक्रिया की जानकारी दी।

इस दौरान परियोजना से अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 40 से अधिक कर्मियों ने भाग लिया एवं आयकर संबंधी अनेक विषयों पर ज्ञान अर्जित किया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा समय समय पर कर्मियों के ज्ञान को बढ़ाने एवं उन्हें जागरूक करने के उदेश्य से ऐसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं।

असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर सम्बन्धितों के विरूद्ध होगी कार्यवाही : डीएम

सोनभद्र। डीएम बीएन सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक किये।

इस दौरान उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आईजीआरएस, थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें, उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायातों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता का फीडबैक प्राप्त करते हुए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें, निस्तारण के दौरान स्थल पर कार्यवाही सम्बन्धी जीपीएस फोटो ग्राफ्स अपलोड करना सुनिश्चित करें, सम्बन्धित अधिकारी प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल को लागिन करते हुए प्राप्त होने वाली शिकायतों का फीडबैक भी प्राप्त करते रहें और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी ससमय कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, डीसी मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग : डीएम

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून थीम ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग'' को जिले में ''अन्तराष्ट्रीय योग दिवस'' के रूप में मनाये जाने सम्बन्धी तैयारियों की समीक्षा बैठक किये। जिसमें कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ''अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस'' थीम ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग'' रखी गयी है, जिसके जरिये जनपद को स्वस्थ बनाने की कामना करते हैं। डीएम ने कहा कि इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम अमृत सरोवरों व पार्कों में किया जायेगा। जिसका शुभारंभ 15 जून को होगा। डीएम ने यह भी कहा कि योग सप्ताह के अंतिम दिन 21 जून को विशिष्ट स्टेडियम तियरा में पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र का वितरण तथा समापन सत्र का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर सीडीओ जागृति अवस्थी, एडीएम सहदेव कुमार मिश्रा, डीसी मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, डीपीआरओ नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

भू-माफियाओं के आगे नतमस्तक हो जा रहे हैं शासन-प्रशासन के निर्देश

केराकत, जौनपुर। जिले के चर्चित तहसील केराकत में भू-माफियाओं की पौ बारह रहती हैं. यहां चलता है तो सिर्फ रूपैय्या का हनक. अधिकारी सिर्फ नोटो की तह बनाने में जुटे हैं। जिन्हें न कोई रोकने वाला हैं, न कोई टोकने वाला कागजों में सब कुछ दुरुस्त करके हर माह यूपी सरकार से खिताब लिया जा रहा हैं। तहसील प्रशासन के अंधेरगर्दी रवैए के कारण. मनबढ़ भू-माफिया बड़े आराम से यूपी सरकार के सख्त नियमों व कानून व्यवस्था पर लघुशंका कर रहे हैं। ऐसे में भ्रष्टाचारी रवैए के कारण योगी सरकार के प्रति लोगों में जबरदस्त नाराजगी हैं तो वहीं लोगों में सरकार की पारदर्शी नीतियों को लेकर गलत संदेश भी जा रहा है।

बताते चलें कि कि 29 दिसंबर 2008 को केराकत के तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने आराजी नंबर 633 व 634 कब्जाधारक भू-माफिया राजाराम सिंह के विरुद्ध केराकत थाने में मुकदमा पंजीकृत कराते हुए,अवैध शौचालय को ढहा दिया था। राजाराम के मरने के बाद उनके पुत्रों ने हल्का लेखपाल की शह पर पुनः शौचालय का निर्माण करते हुए,शिकायतकर्ता बजरंगी सिंह के खेत को कब्जाने की नियत पाल लिए. बीते 8 जून को रजनीश सिंह पुत्र रवींद्र दर्जनभर लोगों के धारदार हथियार से लैस होकर खेत में जबरन मिट्टी डाल दिया।

शिकायतकर्ता ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मिट्टी डालने से मना करते हुए, भू-माफिया को मिट्टी समतल न करने को कहा, लेकिन भू-माफिया मनबढ़ रविन्द्र का पुत्र रजनीश सिंह ने 8 जून की रात में ही समतल कर दिया। शिकायतकर्ता ने डीएम व कप्तान से लिखित शिकायत किया कि मनबढ़ भू-माफियाओं ने नाली 551 पर मकान का निर्माण किया हैं, लेकिन रूपए की ताकत से प्रशासन के बुलडोजर को जमींदोज करते हुए, बकायदा लॉ एंड ऑर्डर पर दबंग लघुशंका कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने अधिकारियों से न्याय की मांग की है। इस पूरे मामले पर केराकत तहसीलदार से जब पूछा गया कि थानागद्दी में भू-माफिया यूपी सरकार व कानून व्यवस्था पर लघुशंका कर रहे हैं, तो कहा कि हम मामले को दिखवाते हैं।

नौकरी दिलाने के नाम पर ढाई लाख रुपए की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। थाना चौरी पुलिस टीम ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर ढाई लाख रुपए ठगने व फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाले दो ठगों को बुधवार को गिरफतार कर लिया। दोनों आरोपी अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने उत्तर-प्रदेश सचिवालय लिखी वर्ना कार, 5 एंड्राइड मोबाइल व 1840 रुपया नगद बरामद किया। आरोपी लखनऊ सचिवालय में अच्छी जान पहचान की बात कहकर व उत्तर-प्रदेश सचिवालय वर्ना कार को दिखाकर ही लोगों को विश्वाश में लेकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करते थे।

इस दौरान 28 मई को सत्यभुवन पाल पुत्र गजराज पाल निवासी भुलईपुर थाना चौरी जिला भदोही द्वारा थाना चौरी पर सूचना दी गई कि चंदशेखर सरोज पुत्र स्व.बंशराज सरोज निवासी चकमासुम थाना हंडिया जनपद प्रयागराज तथा करमबीर सिंह पुत्र स्व. डालचंद सिंह निवासी मकान नं.18/406 इंद्रानगर सेक्टर 10 थाना इंद्रानगर जनपद लखनऊ द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे अलग-अलग किस्तों में ढाई लाख रुपए अपने बैंक खातों में मंगाया गया। डीआरएम ऑफिस नॉर्दन रेलवे नई दिल्ली का फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया। सूचना पर थाना चौरी पर आरोपित के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4) व 316(2) का अभियोग पंजीकृत किया गया। एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में कांस्टेबल कन्हैया कुमार साइबर क्राईम थाना भदोही द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के बैंक खातों में उक्त ठगी की राशि को फि/होल्ड कराने के लिए अभियुक्तों के खातों से संबंधित 3 बैंको से पत्राचार कर कुल एक लाख 72 हजार 370 रुपए की धनराशि को होल्ड/फ्रीज कराया गया तथा अन्य बैंकों से संपर्क कर बाकी के रुपए को भी होल्ड/फ्रीज की जा रही है।

आज एएसपी शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण व सीओ औराई प्रभात राय के नेतृत्व में थाना चौरी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना पीड़ित को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ढाई लाख रुपए ठगने व फर्जी नियुक्ति पत्र देने के संबंध में थाना चौरी पर पंजीकृत अभियोग पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण करते हुए झांसा देकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोपी दोनों अभियुक्तों को चौरी बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया।

विकसित भारत के लिए समर्पित मोदी सरकार : राज्यमंत्री

सोनभद्र। 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प बनाया, सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता- यही है नया भारत, यही है विश्व का मोदी पर विश्वास-संजीव कुमार गोंड़ भारतीय जनता पार्टी व मोदी के नेतृत्व मे केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा किये हुए ऐतिहासिक कार्यो पर एक प्रदर्शनी भाजपा जिला कार्यालय पर लगायी गयी जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। मोदी सरकार की हर योजना के केन्द्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना रही है। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षित की, अर्थव्यवस्था मजबूत की, और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया उक्त बातें भाजपा जिला कार्यालय सोनभद्र पर प्रेसवार्ता के दौरान संजीव कुमार गोंड़ ने कहा-भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त कर यह दिखा दिया कि अब मोदी का यह नया भारत शांति की बातें नहीं बल्कि घर में घुसकर आतंक का सफाया करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को स्पष्ट और सख्त संदेश भी दिया कि आतंक, पानी और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। संकट काल के दौरान मोदी सरकार ने अपने नागरिकों को विश्वभर के हर कोने से सुरक्षित निकालकर यह सिद्ध किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार केवल सीमाओं के भीतर नहीं, विश्वभर में भारतीयों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निर्णायक नीति, सुरक्षा बलों की सशक्त कार्रवाई और विकास की डबल रणनीति के कारण अब नक्सल प्रभावित जिले घटकर गिनती के रह गए हैं। नक्सल घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आ गई है। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक डिजिटल लेनदेन के 49 लेनदेन भारत में होते हैं। देश का वस्तु और सेवा निर्यात 825 अरब डॉलर तक पहुंचा। मध्यम वर्ग के जीवन को आसान बनाना और अवसरों को भरपूर करना भाजपा सरकार का प्रथम दिन से लक्ष्य रहा है। इस प्रतिबद्धता का परिणाम नई कर व्यवस्था के तहत 12.75 लाख तक की आय पर टैक्स छूट है। मोदी सरकार में 99 गांव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं, देश में प्रतिदिन 34 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है। रेलवे बजट को 9 गुना बढ़ाया गया, 136 वंदे भारत ट्रेनें चल रही है, और 103 अमृत भारत स्टेशन पुनर्निर्मित किए गए हैं। मोदी सरकार का संकल्प हवाई सफर को देश के आम नागरिक के लिए किफायती बनाना है। उड़ान योजना के तहत न सिर्फ हवाई अड्डों की संख्या 160 तक दोगुनी हुई बल्कि आम आदमी के लिए हवाई सफर संभव हुआ है। देश के अन्नदाता ही भारत की ताकत हैं। 2025-26 में कृषि बजट को रिकॉर्ड 5 गुना बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लाख करोड़ दिए गए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अब तक 1.75 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है।

तीन तलाक खत्म किया गया। मातृत्व अवकाश 26 सप्ताह किया गया। 10 करोड़ से अधिक महिलाएं 90 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं और 3 करोड़ श्लखपति दीदीश् बनाने का लक्ष्य तय किया गया। मुद्रा योजना के तहत 35.38 करोड़ महिलाओं को 14.72 लाख करोड़ का ऋण का दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के तहत 3.98 करोड़ गर्भवती और स्तनपान करवाने वाली माताओं के लिए 18,593 करोड़ रुपए वितरित किए गए। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, जिला प्रभारी अनिल सिंह, घोरावल विधायक अनिल कुमार मौर्या, अध्यक्ष नगर पालिका राबर्ट्सगंज रुबी प्रसाद, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी, ब्रिजेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की बैठक संपन्न

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर समाजवादी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की मासिक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता यूऐ के जिला अध्यक्ष सत्यम पांडे ने किया और बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि सभी नौजवानों की जिम्मेदारी है कि गांव-गांव जाकर एक-एक मतदाताओं से मिलने का काम करें और उनकी समस्याओं से अवगत होने का काम करें क्योंकि यह भाजपा सरकार नौजवानों का शोषण कर रही है। नौजवानों का यदि किसी पार्टी में सम्मान है तो वह समाजवादी पार्टी है क्योंकि जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव थे तो नौजवानों को आगे बढ़ने का काम किया और उनके हौसलों को बुलंद किया।

बैठक को संबोधित करते हुए यूथ के जिला अध्यक्ष सत्यम पांडे ने कहा कि ब्राह्मणों का अपमान सबसे ज्यादा भाजपा सरकार में हुई है जिसे ब्राह्मण समाज कभी माफ नहीं करेगा। बैठक में मुख्य रूप से अनिल प्रधान त्रिपुरारी गौड़ गुलाम यासीन सरदार पारब्रह्म सिंह सुशील राय के साथ यूथ के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दर्दनाक : बिजली का तार गिरने से महिला की हुई मौत, एक अन्य का चल रहा उपचार

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिले के हलिया थाना क्षेत्र के औरा गांव में बीती रात बिजली के हाई टेंशन तार के टूटकर गिरने से एक बड़ा हादसा हो गया। जिसमें एक महिला सहित एक बकरी की जान चली गई है जबकि एक महिला जीवन और मौत से जूझ रही है।

मंगलवार को डेढ़ बजे रात आंगन में बीस बकरियाँ घेरे में बंधी हुई थी जिसमें एक बकरी के ऊपर बिजली का हाइटेंशन तार टूटकर गिर गया। उसको छटपटाता देख बचाने गयी महिला भी उसकी चपेट में आने से महिला व बकरी दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गयी। कुछ देर बाद दूसरी महिला भी मौके पर पहुंची जो बिजली के करेंट की चपेट में आ कर झुलस गयी। झुलस रही महिला की चीख पुकार सुन कर मौके पर पहुंचे परिजन लाठी डंडे से तार दूर करते हुए पावर हाउस पर दूरभाष से बिजली कटवाते हुए दोनों महिलाओं को आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जहाँ चिकित्सक ने एक महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया। दूसरी महिला का उपचार चल रहा है सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पीएम में भेजते हुए जांच पडताल में जुट गयी है। बताते चलें कि हलिया थाना क्षेत्र के औरा गांव निवासी अखिलेश की 32 वर्षीय पत्नी सन्नों उर्फ संजू आंगन में सो रही थी अचानक पास में बधी बकरियों में एक बकरी के ऊपर बिजली का हाईटेंशन तार गिर गया बकरी के छटपटाने की आवाज पर महिला नीद में दौड़कर गयी जिसकी चपेट में आने से महिला व बकरी दोनों की दर्दनाक मौत हो गयी। कुछ देर बाद विश्वनाथ की 55 वर्षीय पत्नी कमलादेवी भी देखने गयी कि जमीन पर गिरे तार की चपेट में आने से झुलस गयी यह देख परिजन पावर हाउस में सूचना देकर बिजली कटवाते हुए आनन फानन में दोनों महिलाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाये जहाँ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने देखते ही सन्नों उर्फ संजू को मृतक घोषित कर दिया वही दूसरी महिला का उपचार किया जा रहा है। चिकित्सक ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से संजू की मौत हो गयी है दूसरी महिला कमलावती का इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विरेंद्र सिंह ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई है जिसको पीएम के लिये भेजा गया है।

गांव में मातम के साथ आक्रोश

बिजली के हाई टेंशन तार टूट कर गिरने से बकरी सहित एक महिला की हुई मौत तथा एक के बुरी तरह से झुलस जाने की घटना से गांव में मातम का माहौल बना हुआ है तो लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जर्जर विद्युत तारों की वजह से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है बावजूद इसके बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस पर ध्यान देने की जहमत नहीं उठाते हैं।

अवैध कब्जे की विरुद्ध लामबंद हुई जनता

लालडिग्गी क्षेत्र के कुंए पर है अवैध अतिक्रमण

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। नगर पालिका परिषद मीरजापुर के अभिलेखों में दर्ज सं0 170 पर सार्वजनिक कुओं व प्राचीन मंदिर पर किये गये अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण को तत्काल हटाने व अवैध कब्जाधारी विपक्षीगणों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के सम्बन्ध में प्रीति जायसवाल पत्नी तारकेश्वर नाथ जायसवाल ने कब्जेधारियों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर सार्वजनिक कुएं को कब्जा मुक्त करने के लिए जिला मुख्यालय पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव सुनील कुमार पांडे के नेतृत्व में प्रदर्शन करके मांग किया। शिकायतकर्ता ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि मिर्जापुर नगर के अंतर्गत स्थित नगर पालिका परिषद मीरजापुर की सार्वजनिक कुओं की सूची में क्रम संख्या 170 पर दर्ज राजू केमिस्ट के सामने, जायसवाल के मकान के पास दन्तु किशन की गली में स्थापित सार्वजनिक कुओं व मंदिर को पाटकर विपक्षीगण द्वारा बहुमंजिला इमारत का निर्माण कराया जा रहा था। डीएम से सार्वजनिक कुएँ की सूची का साक्ष्य एवं प्रमाण के साथ पत्र देकर सार्वजनिक कुओं से अवैध कब्जा हटाने का अनुरोध किया एवं बिना प्राधिकरण से नक्शा पास कराये नगर पालिका परिषद मीरजापुर की आवंटित भूमि पर बहुमंजिला इमारत, मकान का निर्माण किसके आदेश पर विपक्षीगणों द्वारा किया गया, की लिखित शिकायत की गयी थी। जिस पर जिलाधिकारी के आदेश पर नगर पालिका परिषद मीरजापुर द्वारा अवैध अतिक्रमण एक सप्ताह के अन्दर हटाने का निर्देश जारी किया था। उक्त स्थल पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये किये जा रहे निर्माण कार्य बन्द कराने का आदेश जारी किया गया, लेकिन अभी तक मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये नगर पालिका परिषद के आवंटित किराये की भूमि पर अवैध मकान का ध्वस्तीकरण नहीं किया गया है। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शिकायतकर्ता प्रीति जायसवाल, तारकेश्वर नाथ जायसवाल, विश्वनाथ सोनी, कृष्ण कुमार मिश्रा इत्यादि नागरिक उपस्थित रहे।

मांगों को लेकर प्रदर्शन करते नागरिक।

अदालती नोटिस

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सोनभद्र

एम.ए.सी नम्बर-168 सन् 2019

आलोक कुमार बनाम राजेन्द्र मेहता वगै0

1.राजेन्द्र मेहता पुत्र पियास महतो, निवासी बंदर बेला पदमा, पो0 0 थाना ओ पी पदमा, जिला हजारीबाग। (झारखण्ड) (वाहन चालक ट्रक नं0-ए0पी0 16 टीएस/1457)।

2.मोहन मुक्कमला पुत्र भानू प्रभाकर राव, नि0 प्लाट नं0 301 तृतीय तल गरूणा क्रेस्ट नीयर एच0पी0 गैस गोदाम रोड विजयवाडा, जिला कृष्णा आन्ध्र प्रदेश।..........प्रतिवादीगण। (वाहन स्वामी ट्रक नं0-ए0पी0 16 टीएस/1457)।

(मोटर दुर्घटना दावा अन्तर्गत धारा-166 **एक्ट** 1988)।

हरगाह, मैं आपके नाम नाशिल की दायरा की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 13 माह 06 सन् 2025 बवक्त 10 बजे के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकहि वाकिफ किया गया हो और उमूरात अरूण मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ और कोई सख्श हो जो की जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर होगा और जबाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर हाजिर नहीं होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूम होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 11 माह 06 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुंसरिस

सरकार स्वास्थ्य पर दे रही विशेष ध्यान

सोनभद्र। सरकार देश की गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए स्थानीय स्तर पर पूरी स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने की व्यवस्था की है। पीएम व सीएम सबको स्वास्थ्य सेवा सम्बन्धी पूरी सुविधा दी है। आम जनता को सभी रोगों के इलाज की सुविधा दी जा रही है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के गरीब परिवारों के सदस्यों को रू0 5 लाख तक की मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है।

सूचना- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम किरन सोनकर पुत्री रामधनी सोनकर था लेकिन विवाह के उपरान्त मैंने विधिक कार्यवाही करते हुए अपना नाम बदलकर रूपा सोनकर पत्नी सोनू सोनकर कर लिया है।

प्रार्थिनी- रूपा सोनकर पत्नी सोनू सोनकर ग्राम व पो. चन्दवक, तह. केराकत, जिला जौनपुर हाल मुकाम- बिहारी पाड़ा न्यू बस स्टेंड वी.टी.सी., राऊरकेला, पो. व तह. राऊरकेला, जिला सुन्दरगढ़, उड़ीसा।

राजस्व विभाग ने लेखपाल को जांच सौंप पुन: दोहराई साल भर पहले की कहानी

तरूणमित्र न्यूज

म्योरपुर/सोनभद्र। स्थानीय ब्लॉक के ग्राम पंचायत फ़रीपान में एक जगह लगभग दो बीघा जमीन जाति और गांव बदल कर बैनामा करने और दूसरी जगह सवा पांच बिघा जमीन कथित तौर पर एक दबंग द्वारा सर्वे के दौरान अपने नाम कराने के बाद चुनार तहसील के एक गांव के निवासी को बेचने को लेकर राजस्व विभाग ने एक साल पुरानी कहानी दोहराते हुए पुनः लेखपाल को जांच सौंपी है जबकि मामले की जांच पुलिस और लेखपाल पहले ही कर चुके है और रिपोर्ट भी लगा चुके है जिसमे बेचने और खरीदने वाले काबिज नहीं है।

कहा गया है।सोमवार को तहसील दिवस में पीड़ित लोगों ने जिलाधिकारी से फरियाद लगाई थी और जांच एस डी एम को मिली थी। पुनः लेखपाल को जांच सौंपे बने की जानकारी होने पर पीड़ितों में आक्रोश है।पीड़ित दो दर्जन से ज्यादा लोगों का कहना है कि जब तक उच्च स्तरीय टीम मौके की जांच नहीं करेंगी तब तक हम लोगो को न्याय नहीं मिल पाएगा। जिलाधिकारी से मांग उठाई कि मौके की उच्च स्तरीय जांच जिला प्रशासन कराए।

इस बीच मुख्य मंत्री पोर्टल पर पीड़ितों ने शिकायत करते हुए तीन सवाल का जवाब जमीन बेचने वालों से किया है कि अगर जमीन बेचने वाले राम गुलाम और राम किशुन दोनों भाई मृतिका रजिया बेचनी दोनों सौतन से जुड़े किसी एक की नाती है तो दस्तावेज पुलिस को दिखाए साथ ही दोनों ने जाति और गांव क्यों बदला तीसरी मांग है कि स्थलीय जांच हो जिससे फर्जी वाडा का खुलासा हो सके। बिट के सब स्पेक्टर राम अवतार का कहना है कि शनिवार को थाना दिवस ने सभी पक्षों को बुलाया गया है जिसमे पीड़ित और जमीन खरीदने बेचने तथा राजस्व के लोग उपस्थित रहेंगे।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय की मनमानी के खिलाफ प्रबंधकों ने फूंका बिगुल

जौनपुर। बुधवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की विभिन्न समस्याओं को लेकर स्ववित्तपोषित प्रबंधक महासंघ की एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिनेश तिवारी ने की, जिसमें पूर्वांचल क्षेत्र के अनेक महाविद्यालयों के प्रबंधक शामिल हुए। बैठक में प्रबंधकों ने विश्वविद्यालय की कार्यशैली और बढ़ते आर्थिक भार को लेकर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आए दिन महाविद्यालयों पर मनमाने तरीके से विलंब शुल्क थोपे जा रहे हैं, जिससे कई शिक्षण संस्थान आर्थिक रूप से टूटने की कगार पर हैं।

मान्यता विस्तार पर मनमाना जुर्माना प्रबंधकों ने बताया कि जिन महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय ने मान्यता विस्तार प्रदान किया, लेकिन उनकी स्थायी मान्यता की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी, उन पर अब 30,000 प्रति वर्ष की दर से अर्थदंड लगाया जा रहा है। यह आर्थिक दंड न तो शासन द्वारा अनुमोदित है और न ही किसी विधिक आदेश के अंतर्गत आता है। इसे विश्वविद्यालय प्रशासन की एकतरफा और मनमानी कार्रवाई बताया गया।

महाविद्यालयों की चेतावनी : ताले लगाकर सौंप देंगे चाबी

जौनपुर। बैठक में प्रबंधकों ने तीखी नाराज़गी जताते हुए कहा कि यदि यह दंडात्मक नीति वापस नहीं ली गई तो वे विवश होकर महाविद्यालयों को बंद कर देंगे और विश्वविद्यालय प्रशासन को महाविद्यालयों की चाबी सौंप देंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डा. दिनेश तिवारी ने उपस्थित प्रबंधकों को आश्वस्त किया कि इस विषय में वे शीघ्र ही कुलपति से मिलकर वार्ता करेंगे और दंड समाप्त कराने का प्रयास करेंगे। यदि विश्वविद्यालय स्तर पर समाधान नहीं होता है तो मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री एवं राज्यपाल से मिलकर इसे शासन स्तर पर उठाया जाएगा। बैठक में महासंघ के संरक्षक अशोक दुबे, भूपेंद्र यादव, मनीष यादव, विनय सिंह, विनोद तिवारी, रत्नेश तिवारी, संजय सिंह, राघवेंद्र कुमार, अंजनी, राजकुमार मौर्य सहित दर्जनों महाविद्यालयों के प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया कि आर्थिक शोषण की नीति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि त्वरित समाधान नहीं हुआ तो पूरे पूर्वांचल में व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी गई है। यह मुद्दा उच्च शिक्षा व्यवस्था और निजी महाविद्यालयों के अस्तित्व से जुड़ा गंभीर सवाल बन चुका है, जिसका समाधान अब शासन स्तर पर ही संभव प्रतीत हो रहा है।

समर कैंप से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास

तेजीबाजार। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मैनुद्दीनपुर (मयंदीपुर), बक्शा, में समर कैंप का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व प्रधानाध्यापक श्रीमती किरण सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना था। जिसके अंतर्गत बच्चों में रचनात्मक कला कौशल एवं जीवन कौशल का विकास करना था। समापन अवसर पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह, सुरेंद्र मोहन सिंह, मोहम्मद जमील अहमद, राहुल पांडेय, मनोज तिवारी, सुषमा देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

मंगलवार को हनुमान जी की पूजा होती है विशेष फलदायी: दिनेश टंडन

सिद्धिविनायक ज्वेलर्स की तरफ से लगे विशाल भंडारे में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

जौनपुर। जनपद ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के आभूषण के प्रतिष्ठानों में शुमार सिद्धिविनायक ज्वेलर्स लाइनबाजार के अधिष्ठाता सूरज सोनी द्वारा ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

प्रतिष्ठान पर सायंकाल छह बजे से शुरू हुए भंडारे का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष दिनेश टंडन ने दीप जलाकर किया। इस दौरान उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि हनुमान जी की पूजा सदैव हितकारी होती है। उन पर आस्था और विश्वास रखने वाले की झोली कभी खाली नहीं रहती। यह संकट को हरने वाले हैं। ऐसे में सूरज ने ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को जो यह विशाल भंडारे का आयोजन कर पुण्य का काम किया है निश्चित ही उन पर हनुमान जी की कृपा बरस रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे मंगलम क्लीनिक वाजिदपुर तिराहा के संचालक एवं जनपद के प्रख्यात मानसिक रोग विशेषज्ञ डा0 उत्तम गुप्ता ने कहा कि भंडारे का आयोजन करने वाले को लोगों को प्रसाद खिलाकर जो खुशी की अनुभूति होती है व कई तीर्थों के बराबर है। भंडारे में शामिल होकर मैं भी धन्य हो गया। मेरी हनुमान जी से यही प्रार्थना है कि इनके कारोबार में दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ोत्तरी दे जिससे यह इसी तरह दीन-हीन एवं

दीप जलाकर भण्डारे का शुभारंभ करते दिनेश टण्डन साथ में आयोजक सूरज सोनी।

गरीब दुखियों की सेवा करते रहें। बताते चलें कि सायंकाल छह बजे से शुरू हुआ भंडारा रात्रि 11 बजे तक अनवरत रूप से चलता रहा। लगभग पांच हजार श्रद्धालुओं ने शालीनता का परिचय देते हुए कतार बद्ध होकर (भोजन) प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सफल बनाने में सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर जौहरी, धीरज सोनी, नीरज सोनी एवं पंकज सोनी का योगदान सराहनीय रहा। अंत में भंडारे के आयोजक सूरज सोनी ने मुख्य अतिथि दिनेश टंडन का स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

बैंक की योजनाओं को लाभान्वित करने के लिए किया गया प्रेरित

मड़ियाहूं। यूनियन बैंक क्षेत्रीय कार्यालय जौनपुर दक्षिण के तत्वावधान में मड़ियाहूं स्थित रजिया काम्प्लेक्स के सभागार में ग्राम प्रधान संगोष्ठी का आयोजन अंचल प्रमुख धीरेन्द्र जैन की मौजूदगी में किया गया। जिसमें डेरी सेक्टर के लिए फाइनेंस मत्स्य पालन उद्योग अप डिजिटल भारत के साथ कदम मिलाने जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के साथ-साथ व्यक्तिगत यूनियन होम लोन जीवन के बेहतरीन पर फलों को अधिकतम लाभ उठाने के लिए यूनियन क्लासिक करंट अकाउंट सौर ऊर्जा छत पर सौर ऊर्जा बिजली को अलविदा कहो जैसी महत्वपूर्ण योजना और महिला सशक्तिकरण सहित तमाम बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए ग्राम प्रधानों को बैंक की विभिन्न शाखाओं से जुड़कर ग्रामीणों को लाभ दिलाने

संगोष्ठी को संबोधित करते बैंक अधिकारी।

और बैंक की योजनाओं को ग्रामीण स्तर तक ले जाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर कौशल किशोर पांडेय सहित ईश्वर चंद एवं क्षेत्र प्रमुख उत्तरी और क्षेत्र प्रमुख दक्षिण के साथ मंच पर अंचल प्रमुख धीरेंद्र जैन की मौजूदगी तथा खंड विकास अधिकारी मड़ियाहूं रामपुर की प्रस्तुति बैंक हित में अत्यंत लोकप्रिय रही। लगभग 30-40 ग्राम प्रधानों ने बैंक की योजनाओं को लाभान्वित करने के लिए प्रेरित करने को संकल्पित किया। उपस्थित प्रमुख जटाशंकर झा ईश्वर चन्द्र एवं अन्य उपस्थित वक्ताओं ने बैंक की विभिन्न योजनाओं को सरकारी मंशा के अनुक्रम में प्रकाश डाला। क्षेत्र प्रमुख शशिकांत प्रसाद ने विधिवत आयोजन क्यूं कैसे होने के कारणों से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया। क्षेत्र प्रमुख उत्तरी की गंभीर मुद्रा और संचालकों द्वारा बोलने हेतु न बुलवाया जाना बैंकिंग कर्मचारियों के कौतूहल का विषय रहा। अंचल प्रमुख धीरेन्द्र जैन ने अपनी प्रभावी कौशल नीतियों से अपने अधीनस्थ सभी बैंक कार्मिकों की मनोदशा को संज्ञान लिया तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर धीरेन्द्र जैन अंचल प्रमुख मुख्य अतिथि, शशिकान्त प्रसाद क्षेत्र प्रमुख जौनपुर दक्षिण, संतोष कुमार क्षेत्र प्रमुख जौनपुर उत्तर, अनुभव सरोज विशिष्ट अतिथि ईश्वर चन्द्र उप क्षेत्र प्रमुख, जटा शंकर झा उप क्षेत्र प्रमुख, कौशल पांडेय, चंद्र प्रकाश, आशुतोष कुमार, राधेश्याम राय व शाखा प्रमुख मड़ियाहूं रजत कुमार, शाखा प्रमुख बेलवा संदीप निगम, शाखा प्रमुख रामनगर आदि मौजूद रहे।

बिजली चोरी एवं बकायेदारों पर कसा जाएगा शिकंजा

जौनपुर। 11 जून को बिजली विभाग ने भुवालपट्टी, कचगांव, बाबाजी की कुटिया, आसियाना कालोनी, कटघरा आदि क्षेत्रों में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया जिसमें कुल 372 घरों/आवासों की चेकिंग की गयी। जिनमें बकाए पर 52 कनेक्शन काटे गये, जिससे करीब 7.10 लाख की राजस्व वसूली हुई। शहर के अभियान में अधिशाषी अभियंता समेत एसडीओ द्वितीय, जेई मनोज कुमार गुप्ता, नीरज सोनी, विजिलेंस टीम एवं अन्य कर्मचारी रहे मौजूद। बिजली विभाग के अभियान से बिजली चोरों में हड़कंप। प्रबंध निदेशक पूर्वांचल निगम के निर्देशानुसार ज्यादा बिजली चोरी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर आज 11 जून बृहद मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया, जिसमें 36 उपभोक्ताओं का कुल 76 कि0वा0 भारवृद्धि की गयी, 32 उपभोक्ताओं के त्रुटिपूर्ण बिल को संशोधित किया गया तथा 02 उपभोक्ताओं का विधा बदला गया। बिजली विभाग के अधिशासी अभियन्ता ई0 सचिन कुमार सिन्हा ने बताया कि आज पूरे शहर के अधिकारियों, कर्मचारियों की 02 टीमों को चेकिंग में लगाया गया था।

चेकिंग में वह खुद भी शामिल रहे साथ में विजिलेंस की टीम भी मौजूद रही। आगे भी प्रतिदिन मॉर्निंग रेड एवं मेगा ड्राइव अभियान चलाकर बिजली चोरी एवं बकायेदारों पर शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील है कि विच्छेदन तिथि के अंदर अपना बकाया बिजली बिल जमा करवाए एवं बिजली चोरी न करे। उन्होंने आगे बताया की 10 हजार रुपए से अधिक बकायेदारों के विद्युत विच्छेदन कर शिकंजा कसा जाएगा एवं बिजली चोरी कर रहे उपभोक्ताओं के कनेक्शन को काटकर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त बड़े स्तर पर उपभोक्ताओं के बिल भी ठीक किए जा रहे है एवं गलत बिल बनाने वाले मीटर रीडरों पर कार्यवाही की जाएगी सभी उपभोक्ताओं को सही बिल एवं समय पर बिल देने हेतु दृढ़संकल्पित होकर प्रयास किए जा रहे हैं।

पूर्व प्रधान रामआसरे सिंह का निधन

बक्शा। स्थानीय विकास खण्ड के कौली गांव के 25 वर्षों तक प्रधान रहें समाजसेवी रामआसरे सिंह का बुधवार को ह्रदयगति रुकने से निधन हो गया। उनकी उम्र करीब 75 वर्ष रही। उनकी अंत्येष्टि मणिकर्णिका घाट पर उनके छोटे पुत्र भाजपा नेता मनोज सिंह बाबा ने किया। उनके निधन की खबर मिलते ही परशुराम पुर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्र, पवन शर्मा, भोलेनाथ सिंह, शिवस्याम सिंह पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मिश्र सहित सैकड़ों लोगों ने पहुँच कर शोक जताया।

जन-जन तक पहुंचाना है योग : डा. कमल

जौनपुर। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को लेकर जनपद में तैयारियां जोरों से शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में संध्याकालीन सत्र में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 थीम एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिये योग के अन्तर्गत लोहिया पार्क में समस्त आशा/एनएम के लिये कामन योग प्रोटोकाल के तहत योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. कमल के मार्गदर्शन और जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आयुष) धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जनपद के बाबा रामदेव अचल हरिमूर्ति एवम मास्टर योग प्रशिक्षक अरविंद कुमार यादव के द्वारा आसनों और प्राणायामों का क्रियात्मक अभ्यास कराया गया एवम दैनिक जीवन के योग की उपयोगिता पर चर्चा की गई। समस्त आशा/एनएम को योगा प्रोटोकोल के तहत योगाभ्यास किया। प्रशिक्षण समापन के पश्चात क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा आयुर्वेद के लाभ और उचित आहार-विहार के बारे और जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा सभी आशाओं/एनएम को योग से होने वाले लाभ के बारे जनमानस को जागरूक करने, आयुष विधा का प्रचार- प्रसार और 21 जून को अपने अपने ग्राम पंचायत पे योगा कराने के निर्देश दिया गया। इस मौके पर कार्यालय सहायक मनोज सिंह, विकास यादव, अर्जुन सिंह, इन्द्रभान मौर्य, सुजीत यादव, प्रतिमा, राकेश, सुप्रिया सिंह सहित तमाम योग साधक उपस्थित रहे।

वाहनों की हुई चेकिंग

चंदवक। स्थानीय बाजार में वृहद चेकिंग अभियान चलाया गया। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चंदवक बाजार में स्थानीय थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें कई गाड़ियों पर लगे फिल्म को उतरवाया गया। वहीं गाड़ियों की डिक्की खोलकर आपत्तिजनक सामानों की चेकिंग की गई।

डीजे की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

जौनपुर। डीजे वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक की मौत हो गई। जबकि उसके साथ बाइक पर बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक पड़ोसी जनपद आजमगढ़ दीदारगंज थाना क्षेत्र के सौधरपुर गांव निवासी अभिषेक उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र श्याम लाल राजभर अपने मित्र प्रमोद उम्र लगभग 30 वर्ष के साथ मंगलवार को बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान जैगहामोड़ मार्टिनगंज के पास सामने से आ रही पिकअप वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया यहां पर चिकित्सक ने अभिषेक को देखकर मृत घोषित कर दिया जबकि प्रमोद का उपचार किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीजे वाहन को कब्जे में लिया और आगे की कार्यवाही करने में जुट गई।

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के शंकरपुर चौराहा के पास मंगलवार को दिनभर बैठे अज्ञात उम्र लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार 72 घंटे के लिए जिला अस्पताल के लाश घर में रखवा दिया और अज्ञात मृतक की पहचान हो जाए, इसके प्रयास में जुट गई। मृतक के बारे में बताया गया कि मृतक नीला टी शर्ट जींस की काली लोअर पहने हुए हैं।

रेल्वे ट्रैक पर मिली युवक की लाश

जौनपुर। जौनपुर जंक्शन एवं गाजीपुर रेलवे प्रखंड स्थित मुफ्तीगंज यादवेंद्र नगर रेलवे स्टेशन के मध्य दिल्ली से मुजफ्फरपुर जा रही स्पेशल ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गजना गांव निवासी 35 वर्षीय एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृत युवक की पहचान जितेंद्र यादव 35 पुत्र संतोषी यादव निवासी चक पिढ़वा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उक्त युवक नशे का आदी था तथा रेलवे ट्रैक पर टहल रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

जौनपुर। प्रभारी निरीक्षक सरायख्वाजा के नेतृत्व में को उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव मय हमराह कांस्टेबल सतीश रंजन, कांस्टेबल दिलशाद, कांस्टेबल अक्षय कुमार के द्वारा 11 जून को मुखबिर खास की सूचना पर चेकिंग के दौरान बहाउद्दीनपुर नहर पुलिया जंगीपुर रोड के पास से अभियुक्त जगदीश यादव पुत्र साहबलाल यादव निवासी ग्राम हरीहरपुर थाना सरायख्वाजा को एक तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ समय करीब 00.50 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण को न्यायालय भेजा गया।

नगर पंचायत में नहीं कराया जा रहा दवा का छिड़काव, लोग परेशान

जौनपुर। जिले के नगर पंचायत कजगांव में इस समय मच्छरों के प्रकोप के कारण जहां लोग डेंगू व मलेरिया जैसी घातक बीमारी के शिकार हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ नगर पंचायत में रहने वाले लोग पूरी तरह से परेशान है। देर रात तक मच्छरों के चुनने से जाग रहे हैं। मच्छरों का प्रकोप का आलम यह है कि दिन हो या रात उनका वार चलता ही रहता है। मच्छरों के प्रकोप से अधिकांश छोटे-छोटे बच्चे मलेरिया व डेंगू की गिरफ्त में आ जा रहे हैं।

इसके बावजूद नगर पंचायत पूरी तरह से कुम्भकर्णी निद्रा में मस्त है नगर पंचायत क्षेत्र में लोगों का कहना है कि गर्मी का मौसम चलने के कारण इस समय मच्छरों का प्रकोप बहुत तेजी से बढ़ा हुआ है। ऐसी दशा में मच्छरों का दवा छिड़काव नहीं किया जा रहा है। मच्छरों के दवा के छिड़काव के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। मच्छरों के विषैले प्रकोप से बचाने वह लोगों को राहत पहुंचाने का कोई उपाय ठीक ढ़ंग से नहीं किया जा रहा जबकि शासन द्वारा इस विभाग को धन और दवा भी उपलब्ध कराया जाता है लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि नगर पंचायत के अध्यक्ष सहित अधिशासी अधिकारी व अन्य कर्मचारी भी मच्छरों की हनक से भयभीत होकर उनके विरुद्ध अभियान चलाने में अपने आप को कमजोर समझते हैं क्या कारण है कि मच्छरों के विरुद्ध कीटनाशक दवा का छिड़काव सिर्फ नहीं किया जा रहा और नहीं फागिंग मशीन द्वारा मच्छरों की जनसंख्या वृद्धि को कम करने का प्रयास किया जा रहा है ऐसे में नगर पंचायत शासन के मन्सा को पूरा तरह से मुंह चिढ़ा रहा है।

कंपोजिट विद्यालय सेहमलपुर में समर कैंप का भव्य समापन

जौनपुर। कंपोजिट विद्यालय सेहमलपुर, सिरकोनी में 21 मई से 10 जून तक चले समर कैंप का समापन समारोह मंगलवार को अत्यंत उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए सीखने और आत्मविकास का अवसर बना, बल्कि सामाजिक जागरूकता को भी केंद्र में रखकर संचालित किया गया। मुख्य अतिथियों का हुआ गर्मजोशी से स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुश्री अनीता उपस्थित रहीं। साथ ही खंड विकास अधिकारी नीरज कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रईस खान ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर बच्चों संग अतिथियों का स्वागत किया। सीखे गए कौशलों की प्रस्तुति मुख्य अतिथियों ने समर कैंप के दौरान बच्चों द्वारा सीखे गए विभिन्न रचनात्मक एवं बौद्धिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत, नुक्कड़ नाटक तथा संवाद के माध्यम से दहेज प्रथा एवं बालिका शिक्षा जैसे ज्वलंत सामाजिक मुद्दों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों ने समाज में चेतना जगाने का सार्थक प्रयास किया।

मुख्य अतिथि सुश्री अनीता ने कहा, आज की बालिकाएं हर क्षेत्र में देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इन्हें और सशक्त बनाने के लिए ऐसे कैंप अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने समर कैंप के सफल संचालन हेतु केशव कुमार मौर्य (अनुदेशक) एवं श्रीमती विद्या भारती (शिक्षामित्र) के कार्यों की सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने समर कैंप को बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु एक उत्कृष्ट नवाचार बताया। उन्होंने कहा कि फीडबैक के आधार पर आगामी वर्ष में और अधिक गुणवत्तापूर्ण गतिविधियों को जोड़ा जाएगा। समापन समारोह के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न खेलकूद एवं रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि एवं खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उल्लेखनीय उपस्थिति कार्यक्रम में नोडल शिक्षक संकुल अविनाश कुमार यादव, सहायक अध्यापिका श्रीमती सुजाता सिंह, श्रीमती रिचा सिंह, एवं अनेक अभिभावक वीरेंद्र कुमार, गिरिजा शंकर यादव, सुधीर सिंह, अब्दुल कलाम, जयप्रकाश यादव, बिंदु देवी आदि की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक रईस खान ने समर कैंप को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समर कैंप 2025 ने न केवल विद्यार्थियों को मनोरंजन और रचनात्मकता का अवसर दिया, बल्कि सामाजिक चेतना और व्यक्तित्व विकास की दिशा में भी एक प्रभावशाली कदम सिद्ध हुआ।

शिक्षण में कौशल विकास की अनिवार्यता जरूरी : प्राचार्य

जौनपुर। मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज, में संचालित डी.एल.एड. प्रशिक्षण सत्र 2023 एवं 2024 के प्रशिक्षुओं द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं में सृजनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास एवं विषयगत समझ को विकसित करना था। समर कैंप के अंतर्गत विविध शैक्षिक व सह-शैक्षिक गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। इन गतिविधियों में विशेष रूप से चार्ट पेपर निर्माण प्रतियोगिता जिसमें विभिन्न शैक्षिक विषयों एवं सामाजिक मुद्दों पर आकर्षक, ज्ञानवर्धक एवं संदेशपरक चार्ट तैयार किए गए। भाषण प्रतियोगिता: इस प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय एकता आदि महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली एवं प्रेरक भाषण प्रस्तुत किए।

निबंध लेखन प्रतियोगिता : जिसमें सभी प्रतिभागियों ने समसामयिक विषयों पर अपनी लेखनी के माध्यम से विचार अभिव्यक्त किए। उक्त सभी कार्यक्रमों में प्रशिक्षुओं ने अत्यंत उत्साह, समर्पण एवं रचनात्मकता के साथ भाग लिया। शिविर के दौरान उनकी प्रस्तुतियों में शैक्षिक दक्षता, नवाचार एवं भावनात्मक अभिव्यक्ति का सुंदर समन्वय देखने को मिला। समर कैंप के सफल आयोजन हेतु प्रशिक्षकों द्वारा भी मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रशिक्षुओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक होते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं। इस मौके पर आरपी सिंह, डा. संतोष सिंह, प्रवीण यादव, अहमद अब्बास खान, तरूनुम फात्मा मौजूद रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए तथा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी शिक्षकों व प्रशिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव आरंभ, 108 कलशों से हुआ भगवान का स्नान

जौनपुर। नगर में आस्था, भक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला जब श्री जगन्नाथ जी रथयात्रा समिति तथा श्री जगन्नाथ सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रथयात्रा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस भव्य आयोजन की शुरुआत नगर के प्राचीन श्री हनुमान घाट से 'स्नान जल कलश यात्रा' के साथ हुई। प्रातःकाल डा. रजनीकांत द्विवेदी के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 108 कलशों में पवित्र जल भरकर यात्रा की शुरुआत की गई। यात्रा का नेतृत्व कर रहे संयोजक नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का विशाल जत्था हनुमान घाट से शाही क़िला, मानिक चौक होते हुए जब श्री जगन्नाथ मंदिर रासमंडल पहुँचा, तो पूरे मार्ग में भक्ति का माहौल छा गया।

मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद भगवान श्री जगन्नाथ जी, बहन सुभद्रा जी और भाई बलभद्र जी को विधिवत 108 जल कलशों से स्नान कराया गया।

रथयात्रा महोत्सव में भाग लेते लोग।

यह आयोजन पौराणिक मान्यता पर आधारित है कि ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा तिथि को तीव्र गर्मी के कारण भगवान स्वयं स्नान करते हैं। मान्यता अनुसार इस दिन जगन्नाथ जी 38 कलश, सुभद्रा जी 33 कलश और बलभद्र 37 कलशों के जल से स्नान करते हैं। इस अवसर पर रथयात्रा महोत्सव के अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, महामंत्री शिव शंकर साहू, सह संयोजक विनय बरोतिया, जगू सेठ, यात्रा प्रभारी पं. निशाकांत, राजेश गुप्ता, आशीष यादव, संतोष गुप्ता, पं. आशुतोष मिश्रा, संजय गुप्ता, भरत कपूर, संजय पाठक, मनीष गुप्ता, रत्नेश गाढ़, मनोज मिश्रा, विजय अस्थाना, सभासद बसंत प्रजापति, आलोक वर्मा, डा. विकास रस्तोगी, विवेक भाटिया, नीलिमा गुप्ता, संध्या सेठ, महेंद्र, केतन अस्थाना समेत अनेक गणमान्यजन, श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

पूजन के उपरांत भगवान को पारंपरिक हलवा-चना का भोग अर्पित किया गया और यह प्रसाद सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम श्रद्धा, अनुशासन एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम की सफलता के लिए अध्यक्ष शशांक सिंह रानू ने आयोजन समिति, भक्तगण एवं नगरवासियों का आभार प्रकट करते हुए इसे प्रभु की कृपा बताया।

वृद्धजनों ने किया योग, स्वस्थ रहने का दिया सन्देश

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र एवं आराइज एंड अवेक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को शहर के सुक्खीपुर स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों को स्वस्थ रहने के गुर बताये गए और योग कराया गया। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के परिप्रेक्ष्य में आयोजित किया गया था।

कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के निर्देश पर आयोजित योग कार्यक्रम में महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डा. जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में स्वस्थ रहना सबसे जरूरी है। योग के लिए कोई उम्र की सीमा नहीं है। अपने स्थान पर बैठ कर भी योग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रहेंगे तो प्रसन्न रहेंगे। जीवन में जो बीत गया उसको मत सोचिये। योग गुरु जय सिंह ने वृद्ध जनों को प्राणायाम कराया। इसके साथ उन्होंने

योगाभ्यास करते लोग।

शरीर के विभिन्न भागों में दर्द के समय किये जाने वाले अभ्यास को भी बताया। साधना मौर्य ने सांसों के माध्यम से रिलैक्स रहने के तरीके बताये, वृद्धजनों ने भजन सुनाया। कार्यक्रम संयोजक जनसंचार विभाग के शिक्षक डा. दिग्विजय सिंह राठौर ने योग शिविर में प्रतिभाग किये जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. मनीष प्रताप सिंह, डा. पुनीत सिंह, विकास, अरविंद प्रजापति, अवनीश, अवधेश, सर्वशक्ति सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

विद्यार्थी रोजगार मेले का उठाएं लाभ : कुलपति

दो दिवसीय रोजगार मेला 12 जून से, 600 से अधिक पदों के लिए होगा चयन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 12 और 13 जून को जॉब फेयर-2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस रोजगार मेले में विश्वविद्यालय परिसर और महाविद्यालयों के स्नातक एवं परास्नातक के अंतिम वर्ष और पास आउट विद्यार्थियों को रोजगार देने के लिए तैयारी की गई है। इसमें देश की प्रतिष्ठित 8 कंपनियों में विभिन्न पदों पर जॉब देने के लिए प्रक्रिया की जाएगी। बुधवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने प्रशिक्षण एवं सेल के पदाधिकारियों और जॉब फेयर के संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार को तैयारियों के लिए दिशा- निर्देश दिए। कुलपति ने कहा कि इस परिसर के विद्यार्थियों के साथ ही साथ महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी रोजगार उपलब्ध कराने के लिए यह रोजगार मेला लगाया जा रहा है इसका लाभ उठायें। जॉब फेयर के संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार ने बताया कि 900 से अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जो विद्यार्थी किन्हीं कारणवश ऑनलाइन पंजीकरण नहीं करा पाए है वह भी सीधे रोजगार मेले में आकर अपना पंजीकरण करा सकते है। ईएलजीआई, इंटेलिस्मार्ट प्राइवेट लिमिटेड, वी प्रोटेक्ट, क्रेडियंस, आरबीएल बैंक, एसबीआई कार्ड्स, टीमलीज एयरटेल एवं टीमलीज एयरटेल कंपनी के विभिन्न पदों पर जॉब फेयर में चयन होगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्लेसमेंट समन्वयक प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि रोजगार मेले में आने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को रुकने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि 12 जून को परिसर और 13 जून को महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने आने वाले विद्यार्थी अपने साथ रिज्यूमे, पासपोर्ट साइज फोटो और अपने संस्थान का परिचय पत्र अवश्य लेकर आये। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट के लिए 650 रिक्तियां है। रोजगार मेले का उद्घाटन महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में 12 जून को सुबह 10 बजे होगा उसके बाद रोजगार पूर्व व्याख्यान का आयोजन होगा। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल, इन्क्यूबेशन सेंटर और इलेक्ट्रिकल विभाग में चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

तरुणमित्र

गुरूवार, 12 जून 2025

संवत- 2081, आषाढ़ कृष्ण पक्ष.- 01

41 बरस बाद

Axiom Mission-4 के तहत उड़ान भरने जा रहे शुभांशु शुक्ला के साथ देश के 1.4 अरब से ज्यादा लोगों की उम्मीदें और महत्वकांक्षाएं भी उड़ान भरेंगी। इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन का यह सफर देश के लिए अंतरिक्ष के नए दरवाजे खोलेगा, जिसकी छाप आने वाले अभियानों पर दिखेगी। सोवियत सोयुज स्पेसक्राफ्ट में बैठकर राकेश शर्मा साल 1984 में जब स्पेस में पहुंचे थे, तब से 41 बरस हो चुके हैं। शुभांशु दूसरे भारतीय होंगे, जो अंतरिक्ष में जा रहे हैं। चार दशक के इस लंबे अंतराल में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अद्भुत कामयाबियां हासिल की हैं।

अमेरिका, रूस, चीन समेत वह दुनिया की बड़ी स्पेस पावर में शुमार हो चुका है। मिशन चंद्रयान और मिशन आदित्य ने उसे अलग लीग में ला खड़ा किया है, फिर भी एक कमी थी, जो अब शुभांशु की यात्रा से पूरी हो रही है। राकेश शर्मा से लेकर शुभांशु तक, भारत के लिए स्पेस में बहुत कुछ बदला है। तब वह शुरुआत थी, इंफ्रा और तकनीक की कमी थी। इसी वजह से दूसरे भारतीय को स्पेस तक जाने के लिए 2025 तक का इंतजार करना पड़ा। लेकिन, इन बीते बरसों में तकनीक, हुनर और संसाधन- सभी मोर्चों पर काम किया गया है। ISRO की पहचान ऐसी स्पेस एजेंसी के रूप में बन चुकी है, जो कम खर्च में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। ऐसे में ISS पर रहकर शुभांशु जो कुछ भी सीखेंगे, उसका फायदा आगे मिलेगा। भारत अपने ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन 'गगनयान' पर काम कर रहा है। सब कुछ सही रहा तो 2027 में देश अपने दम पर अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में भेजेगा। इसके बाद का अगला बड़ा लक्ष्य है 2035 तक अपना पहला स्पेस स्टेशन खोलना और 2040 तक चांद पर इंसान को भेजना। इन दोनों और भविष्य के सभी अभियानों के लिए शुभांशु का अनुभव बहुमूल्य साबित होगा।

Axiom Mission-4 के मायने इसलिए भी बहुत हैं, क्योंकि इसने स्पेस और साइंस को लेकर उत्सुकता पैदा कर दी है। अब सरकार पर है कि वह इसका फायदा किस तरह उठाती है। अभी पूरे देश में केवल 26 साइंस म्यूजियम हैं, जो किसी नजरिये से काफी नहीं कहे जा सकते। सरकारी मदद से विज्ञान केंद्र खोले जा रहे हैं, लेकिन उनकी रफ्तार भी धीमी है। मौजूदा स्पेस जर्नी इन चीजों को गति देने का अवसर है। शुभांशु इस समय सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले भारतीयों में से एक हैं। पूरा देश जुड़ाव महसूस कर रहा है उनसे। उनकी सफलता पूरी पीढ़ी को प्रेरित करेगी।

कबीर का समाजशास्त्र, समकालीन सार्थकता

सामाजिक विषमताओं पर कड़ा प्रहार करते कबीर

कबीर मानव धर्म प्रवर्तक हैं उनकी राह अपनी एकअलग राह है,न वह हिंदू की राह है ना मुसलमान की, और जहां तक सत्य से संबंध जोड़ने की बात है तो कबीर कहते हैं की पढ़ाई लिखाई का सत्य के साथ कोई संबंध नहीं होता है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण स्वयं कबीर ही हैं जो सत्य से जुड़े हैं और जिनकी पढ़ाई लिखाई बहुत ही कम थी,"मसि कागज छुयों नही"। इसी प्रकार कबीर का मानना है की जाति-पांति से भी परमात्मा को कोई लेना-देना नहीं है परमात्मा के लिए जाति धर्म और व्यवसाय कोई मायने नहीं रखता कबीर कपड़े बुनते हैं बेचते हैं गृहस्थ आश्रम में रहते हैं और जो कुछ भी करते हैं वह सब परमात्मा को समर्पित करके करते हैं। कबीर का यहां तक मानना है कि परमात्मा से जुड़ने या पाने के लिए कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है कबीर कहीं हिमालय पर तपस्या करने नहीं गए कहीं बाहर नहीं गए और परमात्मा के पाने की शर्त यह भी नहीं है कि सब कुछ छोड़ दिया जाए इसलिए कबीर का परमात्मा जो है वह घट-घट व्यापी परमात्मा है जिसमें किसी प्रकार का जाति धर्म कल्मष कषाय, अधिक कम का कोई भेद उसमें व्याप्त नहीं है वह कहते हैं कि परमात्मा का जरा ताना-बाना देखो,वह कैसे पूरी दुनिया का सृजन व संचालन किया है कितना बड़ा उसका चरखा और कितना बड़ा उसका ताना-बाना है कि इतनी बड़ी दुनिया आपके सामने दिखाई देती है मैं तो इसका एक छोटा सा अंश हूं और अपना एक ताना बाना रख कर एक चादर बीनता हूँ। कबीर कहते हैं कि 'झीनी झीनी बीनी रे चदरिया' यहां पर उनका तात्पर्य उसे भाव से है जिसमें लगन हो जिसमें समर्पण हो और जिसमें स्वार्थ न छुपा हो। इसीलिए वह सभी ग्राहक को परमात्मा समझते थे और उनके उठना बैठना खाना पीना सब अपने प्रभु को ही समर्पित था।

जैसा कि कबीर के बारे में कहा जाता है वह आडंबर और सामाजिक विषमताओं पर तूफानी प्रहार करते थे अंधविश्वास, हिंसा, द्वेष,पाखंड, असहिष्णुता, सांप्रदायिकता आदि के कट्टर विरोधी थी उनके मन मस्तिष्क में सदैव एक ही भाव रहता था जो दुखी है जो गरीब है उसको किसी प्रकार का कष्ट ना हो अगर उसको कष्ट होता है तो कष्ट परमात्मा को होगा। वह कहते हैं कि

"निर्बल को न सताइये जाकी मोटी हाय।
बिना जीव के सांस से जो लौह भस्म हो जाय।।

विवेक हीन धार्मिक संस्कृति के वह घोर विरोधी हैं कबीर कहते हैं कि अगर कोई संस्कृति कोई आडंबर कोई व्यवस्था अगर उसमें विवेक नहीं है तो निश्चित रूप से वह समाज के लिए बहुत ही खतरनाक है। समाज के लिए वह बिल्कुल आवश्यक भी नहीं है।

यह मानना कि कबीर हिंदू थे या मुसलमान थे ? इस बारे में है कि किसी हिंदू विधवा ब्राह्मणी के गर्भ से पैदा हुए थे मुसलमान ने उनका पालन पोषण किया था हम आज यहां उनके उस जीवन की उस पक्ष पर नहीं जाएंगे बल्कि जीवन की उनके उस पक्ष पर जाएंगे जिसकी समाज को आवश्यकता है वह पक्ष यह है की कबीर घट-घट व्यापी राम के उपासक थे वह कहते हैं

"मोको कहां ढूंढे बंदे मैं तो तेरे पास रे।
ना मंदिर में न मस्जिद में ना काबे कैलाश में।।

उनका मानना था कि मनुष्य का आचरण मनुष्य की कर्तव्य और उसकी सत्यता ही परमात्मा के पास ले जाती है और किसी प्रकार की मूर्ति पूजा या वाह्य आडंबर जो है उसके वह विरोधी थे वह कहते थे कि

"काकर पाथर जोड़ के मस्जिद दिए बनाय।
ता पर चढ़ि मुल्ला बांग दे क्या बहरा हुआ खुदाय।।
हिंदुओं के लिए भी वह कहते थे
पाहन पूजे हरि मिले तो मैं पूजूँ पहार।
घर की चक्की कोई न पूजे पीस खाए संसार।।

उनका कहने का मतलब था परमात्मा और मानव धर्म के लिए आपको कोई क्षेत्र नहीं चुनना है आप जहां हैं वहीं से अपना काम शुरू कर दीजिए प्राणि मात्र में प्रेम का संचार कबीर करते हैं। अनुभूत सत्य की प्रतिष्ठा अगर किसी ने स्पष्ट रूप से इस समाज में किया तो कबीर हैं, और किसी ने सामाजिक विषमताओं पर अगर कड़ा प्रहार किया तो वह कबीर हैं।

कबीर कहते हैं सुधार स्वयं से होना चाहिए फिर दूसरों पर सोचना चाहिए उन्होंने लिखा है कि

"बुरा जो देखन मैं चला बुरा न मिलिया कोय।
जो दिल खोजूं अपना तो मुझसे बुरा न कोय।।

इसलिए कबीर व्यक्ति के अंदर क्षमा शील और विनय को वरीयता देते हैं।

"शीलवंत सबसे बड़ा सब रतनन की खान।
तीन लोक की संपदा रही शील में आनि।।

यहां शील से कबीर का तात्पर्य लोकोपकार दया और करुणा के भाव से है। इसीलिए अबुल फजल जो कबीर के लगभग समवर्ती थे और 'आईने अकबरी' लिखे थे आज उनका सम्मान केवल इतिहास में है और सीमित रहा है लेकिन कबीर का वह 'मोवाहिद' अर्थात एकता-प्रेमी का जो संदेश था वह दुनिया में आज एक बट वृक्ष बना हुआ है कबीर प्रेम के उस भाव के उपासक थे जो निश्छल हो जो निर्विकार हो जिसमें निस्वार्थ हो और नि:प्रेयस हो इसलिए कबीर कहते हैं कि

"कबीर यह घर प्रेम का खाला का घर नाहिं।
शीष उतारे भूइ धरे सो बैठे यहि माँहि।।

अर्थात अपने को जब पूर्ण समर्पित कर दे अपने लिए कुछ भी ना रखे तब जाकर उसे प्रेम की पराकाष्ठा प्राप्त होती है।

आज के इस समाज को कबीर की बहुत बड़ी आवश्यकता है क्योंकि हमारे देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में आज निर्विकार रूप से मानवता की सेवा की आवश्यकता है। शील विनयपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। आज व्यक्ति के अंदर इतनी विषाक्त भावनाएं उभर करके आ रही हैं वह मानव को मानव नहीं समझ रहा है इसलिए आज कबीर आवश्यक हो गए हैं कबीर कहते हैं कि सामाजिक विषमता की खांई मनुष्य और समाज में बढ़ती जा रही है,उसको दूर करने का उपाय मात्र आध्यात्मिकता और प्रेम का प्रसाद है वह कहते हैं" ना हरि पूरब न अल्लाह पश्चिम में झांको अपने में" अर्थात भगवान अल्लाह के चक्कर में इधर उधर नहीं अपने में झांको। इसीलिए कबीर कहते हैं बुराइयों की तरफ मत देखो बुरे की तरफ मत देखो कोशिश करो कि समाज की विषमताएं और बुराइयां कैसे दूर हों।वह कहते हैं उसका माध्यम प्रेम है, प्रेम से सब कुछ सुधर सकता है। आज प्रेम भाईचारा बंधुत्व की अति आवश्यकता है ऐसे में कबीर का दर्शन अत्यंत समीचीन है। समकालीन समाज जो सभ्यता की आड़ में बहुत तेजी से विकसित होता जा रहा है लेकिन मन से और अपने आंतरिक विचारों से वह अधोगति की तरफ जा रहा है कबीर उसे बचाने की कोशिश करते हैं कबीर धर्म के नाम पर चल रही लड़ाई से मानवता को बचाने के लिए निर्गुण भक्ति दिखाने की कोशिश करते हैं। कबीर आलोचकों को दंड नहीं बल्कि उनको अपने पास रखकर सुधार करने और स्वयं सुधरने की सीख देते हैं।

"निंदक नियरे राखिए आंगन कुटी छवाय। बिनु साबुन पानी बिना निर्मल करें सुभाय। पूरी दुनिया में आज चतुर्दिक चल रही युद्ध की विभीषिका को कबीर की आवश्यकता है कबीर कहते है।

"एक ही पवन एके ही पानी एक ही ज्योत समाना
एकै चाक गढ़े सब भाड़े एके कोहरा साना।।

अर्थात सभी लोग एक ही जगह से हैं एक समान है एक ही परमात्मा के बंदे हैं उनको अलग-अलग करना उनमें छोटा बड़ा ऊंच नीच धर्म आदि के आधार पर विभेद करना उचित नहीं है। आइये आज इस कबीर जयंती पर हम कबीर के उसे दर्शन को आत्मसात करें जहां एक ऐसा विश्व होगा जिसमें क्षमा होगी शील होगी, विनय होगी, भाईचारा होगा और सभी अपने होंगे।

कबीर मानव धर्म प्रवर्तक हैं उनकी राह अपनी एकअलग राह है,न वह हिंदू की राह है ना मुसलमान की, और जहां तक सत्य से संबंध जोड़ने की बात है तो कबीर कहते हैं की पढ़ाई लिखाई का सत्य के साथ कोई संबंध नहीं होता है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण स्वयं कबीर ही हैं जो सत्य से जुड़े हैं और जिनकी पढ़ाई लिखाई बहुत ही कम थी,"मसि कागज छुयों नही"। इसी प्रकार कबीर का मानना है की जाति-पांति से भी परमात्मा को कोई लेना-देना नहीं है परमात्मा के लिए जाति धर्म और व्यवसाय कोई मायने नहीं रखता कबीर कपड़े बुनते हैं बेचते हैं गृहस्थ आश्रम में रहते हैं और जो कुछ भी करते हैं वह सब परमात्मा को समर्पित करके करते हैं। कबीर का यहां तक मानना है कि परमात्मा से जुड़ने या पाने के लिए कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है कबीर कहीं हिमालय पर तपस्या करने नहीं गए कहीं बाहर नहीं गए और परमात्मा के पाने की शर्त यह भी नहीं है कि सब कुछ छोड़ दिया जाए इसलिए कबीर का परमात्मा जो है वह घट-घट व्यापी परमात्मा है जिसमें किसी प्रकार का जाति धर्म कल्मष कषाय, अधिक कम का कोई भेद उसमें व्याप्त नहीं है वह कहते हैं कि परमात्मा का जरा ताना-बाना देखो,वह कैसे पूरी दुनिया का सृजन व संचालन किया है कितना बड़ा उसका चरखा और कितना बड़ा उसका ताना-बाना है कि इतनी बड़ी दुनिया आपके सामने दिखाई देती है मैं तो इसका एक छोटा सा अंश हूं और अपना एक ताना बाना रख कर एक चादर बीनता हूँ। कबीर कहते हैं कि 'झीनी झीनी बीनी रे चदरिया' यहां पर उनका तात्पर्य उसे भाव से है जिसमें लगन हो जिसमें समर्पण हो और जिसमें स्वार्थ न छुपा हो। इसीलिए वह सभी ग्राहक को परमात्मा समझते थे और उनके उठना बैठना खाना पीना सब अपने प्रभु को ही समर्पित था।

जैसा कि कबीर के बारे में कहा जाता है वह आडंबर और सामाजिक विषमताओं पर तूफानी प्रहार करते थे अंधविश्वास, हिंसा,द्वेष,पाखंड, असहिष्णुता, सांप्रदायिकता आदि के कट्टर विरोधी थी उनके मन मस्तिष्क में सदैव एक ही भाव रहता था जो दुखी है जो गरीब है उसको किसी प्रकार का कष्ट ना हो अगर उसको कष्ट होता है तो कष्ट परमात्मा को होगा। वह कहते हैं कि

"निर्बल को न सताइये जाकी मोटी हाय।
बिना जीव के सांस से जो लौह भस्म हो जाय।।

विवेक हीन धार्मिक संस्कृति के वह घोर विरोधी हैं कबीर कहते हैं कि अगर कोई संस्कृति कोई आडंबर कोई व्यवस्था अगर उसमें विवेक नहीं है तो निश्चित रूप से वह समाज के लिए बहुत ही खतरनाक है। समाज के लिए वह बिल्कुल आवश्यक भी नहीं है।

यह मानना कि कबीर हिंदू थे या मुसलमान थे ? इस बारे में है कि किसी हिंदू विधवा ब्राह्मणी के गर्भ से पैदा हुए थे मुसलमान ने उनका पालन पोषण किया था हम आज यहां उनके उस जीवन की उस पक्ष पर नहीं जाएंगे बल्कि जीवन की उनके उस पक्ष पर जाएंगे जिसकी समाज को आवश्यकता है वह पक्ष यह है की कबीर घट-घट व्यापी राम के उपासक थे वह कहते हैं

"मोको कहां ढूंढे बंदे मैं तो तेरे पास रे।
ना मंदिर में न मस्जिद में ना काबे कैलाश में।।

उनका मानना था कि मनुष्य का आचरण मनुष्य की कर्तव्य और उसकी सत्यता ही परमात्मा के पास ले जाती है और किसी प्रकार की मूर्ति पूजा या वाह्य आडंबर जो है उसके वह विरोधी थे वह कहते थे कि

"काकर पाथर जोड़ के मस्जिद दिए बनाय।
ता पर चढ़ि मुल्ला बांग दे क्या बहरा हुआ खुदाय।।
हिंदुओं के लिए भी वह कहते थे
पाहन पूजे हरि मिले तो मैं पूजूँ पहार।
घर की चक्की कोई न पूजे पीस खाए संसार।।

उनका कहने का मतलब था परमात्मा और मानव धर्म के लिए आपको कोई क्षेत्र नहीं चुनना है आप जहां हैं वहीं से अपना काम शुरू कर दीजिए प्राणि मात्र में प्रेम का संचार कबीर करते हैं। अनुभूत सत्य की प्रतिष्ठा अगर किसी ने स्पष्ट रूप से इस समाज में किया तो कबीर हैं, और किसी ने सामाजिक विषमताओं पर अगर कड़ा प्रहार किया तो वह कबीर हैं।

कबीर कहते हैं सुधार स्वयं से होना चाहिए फिर दूसरों पर सोचना चाहिए उन्होंने लिखा है कि

"बुरा जो देखन मैं चला बुरा न मिलिया कोय।
जो दिल खोजूं अपना तो मुझसे बुरा न कोय।।

इसलिए कबीर व्यक्ति के अंदर क्षमा शील और विनय को वरीयता देते हैं।

"शीलवंत सबसे बड़ा सब रतनन की खान।
तीन लोक की संपदा रही शील में आनि।।

यहां शील से कबीर का तात्पर्य लोकोपकार दया और करुणा के भाव से है। इसीलिए अबुल फजल जो कबीर के लगभग समवर्ती थे और 'आईने अकबरी' लिखे थे आज उनका सम्मान केवल इतिहास में है और सीमित रहा है लेकिन कबीर का वह 'मोवाहिद' अर्थात एकता-प्रेमी का जो संदेश था वह दुनिया में आज एक बट वृक्ष बना हुआ है कबीर प्रेम के उस भाव के उपासक थे जो निश्छल हो जो निर्विकार हो जिसमें निस्वार्थ हो और नि:प्रेयस हो इसलिए कबीर कहते हैं कि

"कबीर यह घर प्रेम का खाला का घर नाहिं।
शीष उतारे भूइ धरे सो बैठे यहि माँहि।।

अर्थात अपने को जब पूर्ण समर्पित कर दे अपने लिए कुछ भी ना रखे तब जाकर उसे प्रेम की पराकाष्ठा प्राप्त होती है।

आज के इस समाज को कबीर की बहुत बड़ी आवश्यकता है क्योंकि हमारे देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में आज निर्विकार रूप से मानवता की सेवा की आवश्यकता है। शील विनयपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। आज व्यक्ति के अंदर इतनी विषाक्त भावनाएं उभर करके आ रही हैं वह मानव को मानव नहीं समझ रहा है इसलिए आज कबीर आवश्यक हो गए हैं कबीर कहते हैं कि सामाजिक विषमता की खांई मनुष्य और समाज में बढ़ती जा रही है, उसको दूर करने का उपाय मात्र आध्यात्मिकता और प्रेम का प्रसाद है वह कहते हैं 'ना हरि पूरब न अल्लाह पश्चिम में झांको अपने में" अर्थात भगवान अल्लाह के चक्कर में इधर उधर नहीं अपने में झांको। इसीलिए कबीर कहते हैं बुराइयों की तरफ मत देखो बुरे की तरफ मत देखो कोशिश करो कि समाज की विषमताएं और बुराइयां कैसे दूर हों। वह कहते हैं उसका माध्यम प्रेम है, प्रेम से सब कुछ सुधर सकता है। आज प्रेम भाईचारा बंधुत्व की अति आवश्यकता है ऐसे में कबीर का दर्शन अत्यंत समीचीन है। समकालीन समाज जो सभ्यता की आड़ में बहुत तेजी से विकसित होता जा रहा है लेकिन मन से और अपने आंतरिक विचारों से वह अधोगति की तरफ जा रहा है कबीर उसे बचाने की कोशिश करते हैं कबीर धर्म के नाम पर चल रही लड़ाई से मानवता को बचाने के लिए निर्गुण भक्ति दिखाने की कोशिश करते हैं। कबीर आलोचकों को दंड नहीं बल्कि उनको अपने पास रखकर सुधार करने और स्वयं सुधरने की सीख देते हैं।

"निंदक नियरे राखिए आंगन कुटी छवाय। बिनु साबुन पानी बिना निर्मल करें सुभाय। पूरी दुनिया में आज चतुर्दिक चल रही युद्ध की विभीषिका को कबीर की आवश्यकता है कबीर कहते है।

"एक ही पवन एके ही पानी एक ही ज्योत समाना
एकै चाक गढ़े सब भाड़े एके कोहरा साना।।

अर्थात सभी लोग एक ही जगह से हैं एक समान है एक ही परमात्मा के बंदे हैं उनको अलग-अलग करना उनमें छोटा बड़ा ऊंच नीच धर्म आदि के आधार पर विभेद करना उचित नहीं है। आइये आज इस कबीर जयंती पर हम कबीर के उसे दर्शन को आत्मसात करें जहां एक ऐसा विश्व होगा जिसमें क्षमा होगी शील होगी, विनय होगी, भाईचारा होगा और सभी अपने होंगे।

प्रोफेसर आर एन त्रिपाठी समाजशास्त्र विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी

...आज का दिन...

मेष- शुभ भावनाओं का उदय, कार्य क्षमता में वृद्धि, अधीन सहयोगियों से सहयोग, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, अध्यात्म के प्रति आस्था, आपसी सौहार्द।

वृषभ- शारीरिक-मानसिक कष्ट, व्यवसाय में नुकसान, वाद-विवाद की आशंका, स्वजनों से असहयोग, कर्ज से चिंतित, धन हानि, सुख-शांति का अभाव।

मिथुन- बुद्धि विवेक से कार्य सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ, दूसरों की सलाह मान्य, कठिनाइयों में कमी का एहसास।

कर्क- वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, घरेलू वातावरण सुखद, शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, धर्म के प्रति रुचि, यात्रा संतोषजनक, वाहन सुख से संतोष, खुशी।

सिंह- कार्य-व्यवसाय में उन्नति, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, मनोरंजन में रुझान, आय के नवीन स्रोत, विशिष्टजनों से सहयोग, नव उत्तरदायित्व का निर्वाह।

कन्या- लाभ का मार्ग अवरुद्ध, वैचारिक अस्थिरता, कार्यों में अड़चनें, मन दुविधामय, दूसरों के गलतफहमी के शिकार, प्रतिष्ठा में कमी की अनुभूति।

तुला- स्वास्थ्य सुधार पर, नौकरी में प्रोन्नति, नवसमाचार की प्राप्ति, परिवार में उत्साह, भौतिक सुख के साधन सुलभ, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त।

वृश्चिक- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यक्तित्व का विकास, महत्वपूर्ण उपलब्धि, पारिवारिक संबंधों में सुधार, सुख के साधन प्राप्त, मित्रों से विचार-विमर्श।

धनु- परिस्थितियों में सुधार, व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय हितकर, वैवाहिक जीवन में संतोष, आत्म-संयम से कार्यों में सफलता, मानसिक तनाव में कमी।

मकर- योजना अधूरी, धन का अभाव, विरोधी प्रभावी होने हेतु प्रयत्नशील, प्रियजनों से मतभेद, इच्छित पद की प्राप्ति में अड़चनें, वाहन से चोट-चपेट की आशंका।

कुम्भ- आरोग्य सुख में वृद्धि, स्वजनों से विचार-विमर्श, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, लाभ का मार्ग प्रशस्त, पारस्परिक संबंधों में मधुरता, धर्म में अभिरुचि।

मीन- आर्थिक स्थिति में सुधार, सद्विचारों का उदय, आनन्द की अनुभूति, सम्मान का लाभ, राजनीतिक गतिविधियों की ओर रुझान, दाम्पत्य जीवन मधुर।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

चंदौली

तीन अंतर्राज्यीय महिला तस्करों को 95 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ किया गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। जनपद चंदौली से बिहार राज्य तक शराब की तस्करी लगातार जारी है। खास बात ये है कि पुरुषों के मुकाबले अब शराब की तस्करी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती दिख रही हैं। लेकिन महिला शराब तस्करों को ये जानकारी नहीं है कि पुलिस उन पर कार्रवाई नहीं करेगी। जिले की लोकल और रेलवे पुलिस इन तस्करों से एक कदम आगे है।

शराब तस्करी में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

ताजा मामला चंदौली के डीडीयू स्टेशन से है। जहां जीआरपी के जवानों ने चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए 3 अन्तर्राज्यीय महिला शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जीआरपी पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। वहीं बरामद शराब की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है। दरअसल, रेलवे में अपराध नियंत्रण करने और शराब तस्करी की रोकथाम के लिए उच्चाधिकारियों ने दिशा-निर्देश दिया है। दिए गए निर्देशों के क्रम में जीआरपी के जवानों ने रेलवे सर्कुलेटिंग एरिया, ट्रेनों और प्लेटफार्मों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान जीआरपी के जवानों ने प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पूर्वी छोर पर 3 संदिग्ध महिलाओं को देखा। शक होने पर जवानों ने महिलाओं के पास मौजूद सामान की तलाशी ली। तलाशी में तीनों महिलाओं के पास से कुल 95 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। जिसके बाद तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर जीआरपी थाना लाया गया और पूछताछ की गई।

जीआरपी पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों के नाम रुकमणी देवी, कारो देवी और अंजली उर्फ अछली देवी है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वे यूपी के मुगलसराय से शराब खरीद कर बिहार राज्य में ऊंचे दामों पर बेचने का काम करते है। पुलिस ने बताया कि ट्रेनों के माध्यम से शराब की तस्करी को अंजाम दिया जा रहा था।

आपको बता दें कि बीते कुछ दिनों में चंदौली पुलिस, डीडीयू जीआरपी और आरपीएफ ने आधा दर्जन से अधिक महिला तस्करों की गिरफ्तारी की है। इसके बावजूद भी महिलाओं ने शराब तस्करी को अंजाम दे रही हैं। मौजूदा समय में लोकल पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त टीम तस्करों की गिरफ्तारी में लगी है। संतुक्त टीम को लगातार सफलता मिल रही। क्योंकि अब तस्करी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है, ऐसे में ये देखना है कि महिला तस्करों को रोकने के लिए पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ क्या मास्टर प्लान तैयार करती है।

चकिया ब्लॉक में समर कैंप का हुआ सफल समापन, बच्चों ने सीखी नई बातें, दिखाया जोश

तरूणमित्र न्यूज

चकिया (चंदौली)। विकासखंड चकिया के परिषदीय विद्यालयों में चल रहे 3 सप्ताह के ग्रीष्मकालीन समर कैंप का समापन सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी रामटहल की उपस्थिति में हुआ। समर कैंप 21 मई से 10 जून 2025 तक आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना रहा। खंड शिक्षा अधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय भीषमपुर, कोदोचक, धरदे व पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोता का निरीक्षण किया और बच्चों की गतिविधियों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि तीन सप्ताहों में योग, फिटनेस, विरासत, डिजिटल कौशल, पर्यावरण, विज्ञान, नाटक, संगीत, जल संरक्षण आदि विषयों पर बच्चों को व्यावहारिक अनुभव देने का प्रयास किया गया। समर कैंप में अभिभावकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और बच्चों की प्रतिभा को देखकर प्रसन्नता जाहिर की।

शिक्षक संघ अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कंपोजिट विद्यालय भीषमपुर में बच्चों संग क्रिकेट खेलकर कैंप को और रोचक बना दिया।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बाबूलाल अनिल यादव, एआरपी अजीत पटेल, संदीप मौर्य, रिजवान अली, कवींद्र गौतम, राणा (अनुदेशक), किरण कुमारी, रामाज्ञा, वंदना खरवार, विजय विश्वकर्मा व जामवंत मौर्य समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। समर कैंप ने बच्चों को रचनात्मकता और आत्मविश्वास से भर दिया।

सांसद साधना सिंह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

- चंदौली-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए दी बधाई
- कल्वर्ट निर्माण और मुआवज़े पर रखी मांग

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। जनपद की लोकप्रिय सांसद साधना सिंह ने आज नई दिल्ली में भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्होंने चंदौली से कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे योजना के प्रारंभिक कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी को चंदौली व बनारस वासियों की ओर से हार्दिक बधाई दी। मुलाकात के दौरान सांसद ने अवगत कराया कि चंदौली जनपद के अंतर्गत इस एक्सप्रेसवे की परिधि में तीन प्रमुख नदियाँ आती हैं। उन्होंने विशेष रूप से चुरमुली से बरहुली ग्राम तक के क्षेत्र का उल्लेख करते हुए मांग की कि लगभग 40 कल्वर्ट का निर्माण कराया जाए ताकि भविष्य में जल निकासी की कोई समस्या उत्पन्न न हो और ग्रामीणों को बाढ़ जैसी समस्याओं से बचाया जा सके। सांसद साधना सिंह ने इन

ग्रामों में सर्विस रोड बनाए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह न केवल क्षेत्रीय आवाजाही को सरल बनाएगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति देगा।

साथ ही उन्होंने अधिग्रहित भूमि के मुआवज़े को शीघ्र प्रदान किए जाने की आवश्यकता भी मंत्री जी के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा संचालित यह परियोजना 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने का मार्ग प्रशस्त कर रही है, जिससे उत्तर प्रदेश और पूर्वी भारत के समेकित विकास को नया आयाम मिलेगा। सांसद ने केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के नेतृत्व और उनके कार्यों की खुले दिल से सराहना करते हुए कहा कि उनका विज़न और तेज़ निर्णय क्षमता ही भारत में विश्वस्तरीय सड़कों और एक्सप्रेसवे नेटवर्क का निर्माण संभव बना रही है।

बेटी के जन्मदिन पर 18वीं बार रक्तदान कर दिया प्रेरणादायक संदेश

मानवीय पहल, पौधरोपण कर समाज को भी किया जागरूक

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। जन सहयोग संस्था के सक्रिय सदस्य व पत्रकार शमशाद अंसारी ने बुधवार को अपनी बेटी अरीशा इब्राहिम के पहले जन्मदिन के अवसर पर ब्लड बैंक चंदौली में 18वीं बार रक्तदान कर समाज को एक प्रेरणादायक संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने गुरुकुल स्कूल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की भी मिसाल पेश की। इस अवसर पर सपा नेता दिलीप पासवान ने रक्तदान व पौधरोपण जैसे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि "ऐसे सामाजिक कार्यों से ही समाज में सकारात्मकता बढ़ती है और यह कार्य दूसरों को भी प्रेरित करते हैं।" जन सहयोग

संस्था के अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी ने बताया कि संस्था लंबे समय से रक्तदान और जनजागरूकता अभियान चला रही है।

उन्होंने शमशाद अंसारी की पहल को 'समाज के लिए अनुकरणीय' बताया और कहा कि रक्तदान के प्रति जो भ्रांतियां हैं, उन्हें दूर कर ऐसे कार्य समाज की सेवा में अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम के दौरान इसरार अहमद, अनुरोध राय और लखेंद्र सहित कई लोग उपस्थित रहे। शमशाद अंसारी ने पौध की देखभाल और सुरक्षा का संकल्प भी लिया। संस्था ने जुलाई में बड़े पैमाने पर पौधरोपण का संकल्प लिया है, जिसके लिए तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं।

चंदौली प्रेस क्लब की बैठक में डॉ. अनिल यादव बने प्रदेश अध्यक्ष

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चन्दौली। होटल शन साइन में आज आयोजित चंदौली प्रेस क्लब की विशेष बैठक में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनिल यादव को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में जिले के सभी पत्रकार पदाधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. यादव के अध्यक्ष बनते ही उन्हें फूल-मालाओं से लादकर मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर डॉ. अनिल यादव ने कहा, 卐पत्रकार 'भिंड' का हिस्सा नहीं, बल्कि अन्याय से लड़ने की ताकत होता है। पत्रकारिता कोई नौकरी नहीं, एक

पवित्र धर्म है, और हम इसके पुजारी हैं।卐 उन्होंने कहा कि चंदौली प्रेस क्लब केवल गप्पबाज़ी का अड्डा नहीं, बल्कि सामाजिक कार्यों और पीड़ित पत्रकारों की रक्षा के लिए एक सशक्त मंच रहेगा। उन्होंने घोषणा की कि भविष्य में प्रेस क्लब भवन का निर्माण कराया जाएगा जिससे सभी पत्रकारों को एक सुरक्षित प्लेटफ़ॉर्म मिले।

डॉ. यादव ने आह्वान किया, 卐जब तक हम एकजुट हैं, हमें कोई नहीं तोड़ सकता। हम एकजुट रहेंगे और पत्रकारिता की अस्मिता की रक्षा करेंगे।卐

बैठक में संस्थापक अध्यक्ष राम अवतार तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, महामंत्री चंचल सिंह ने संचालन किया तथा निजामुद्दीन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर परीक्षित उपाध्याय, संदीप कुमार, कृष्ण मुरारी मिश्रा, सुनील यादव, पन्नालाल मिश्रा, एकलाख अहमद, हनुमान केसरी, शाहनवाज अहमद सहित जिले भर से दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

भूख हड़ताल पर बैठे नौ छात्रों को देर रात पुलिस ने जबरन उठाया

वाराणसी। काशी विद्यापीठ में मेरिट के आधार पर प्रवेश के खिलाफ पांच दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे नौ छात्रों को पुलिस ने मंगलवार देर रात जबरन उठा लिया। कड़ी सुरक्षा में देर रात ही उनका मंडलीय अस्पताल में मेडिकल कराकर जेल भेज दिया। इन छात्रों ने मंगलवार से शुरू हुई काउंसिलिंग पहले दिन ही रुकवा दी थी। इससे विद्यापीठ प्रशासन और आंदोलनकारी छात्र आमने-सामने आ गए थे। बताया जा रहा है कि देर रात धरनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे बंद कराए जा रहे थे। इसके लिए बाकायदा प्रशासनिक भवन का ताला खोला गया था। छात्रों ने बताया कि गमछे से चेहरा बांधे संदिग्ध पहले प्रशासनिक भवन में घुसा।

इसके बाद छात्रों ने उसे दबोच लिया। घटनास्थल के गेटों पर उन्होंने अपना ताला जड़ दिया। बताते हैं कि इसके कुछ ही देर बाद भारी फोर्स वहां पहुंची और छात्रों के लगाए ताले को तोड़ कर अंदर प्रवेश किया। वहां आंदोलनरत छात्रों को जबरन उठा दिया। ज्ञात है कि मेरिट आधारित प्रवेश के विरोध में ये छात्र पिछले 29 दिनों से धरना दे रहे थे। इस दौरान कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाई। हर बार उन्हें आश्वासन मिला। इसके बाद बीते पांच दिनों से वे भूख हड़ताल पर भी बैठ गए थे। इसी बीच मंगलवार को पीजी डिप्लोमा इन म्यूजिक थेरेपी हाइब्रिड पाठ्यक्रम की काउंसिलिंग की जानकारी पर सभी मनोविज्ञान विभाग पहुंच गए और काउंसिलिंग की प्रक्रिया रुकवा दी। इस सूचना पर चीफ प्रॉक्टर प्रो.केके सिंह और कुलसचिव डॉ.सुनीता पांडेय भी वहां पहुंची लेकिन छात्रों ने एक न सुनी। डीसीपी काशी गौरव बंसवाल, एडीएम सिटी आलोक वर्मा, एसीपी ईशांत सोनी कई थानों की फोर्स के साथ पहुंचे। छात्रों से उनकी बातचीत भी बेनतीजा रही। हालांकि अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद काउंसिलिंग प्रक्रिया दोबारा शुरू हो सकी।

छह माह से वेतन न मिलने पर प्रदर्शन

वाराणसी। वरिष्ठ संवाददाता छह माह से वेतन न मिलने से परेशान जल निगम (शहरी) के कर्मचारियों ने मंगलवार को धरना दिया। उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति की वाराणसी इकाई के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर भगवानपुर स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल हुए। वे पेंशन न मिलने पर आक्रोशित रहे।

समिति की ओर से जल निगम के प्रबंध निदेशक को संबोधित ज्ञापन भेजा गया है। क्षेत्रीय मंत्री प्रेमदास ने कहा कि दिसम्बर 2024 से वेतन और पेंशन नहीं मिली है। कर्मचारियों, पेंशनरों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ा है। कर्मचारी कर्ज में डूब गये हैं। बच्चों के स्कूल की फीस, दवाओं का खर्च, रोजमर्रा की जरूरतों का सामान खरीदने के लिए भी पैसा नहीं जुटा पा रहे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में छह माह का वेतन और पेंशन का एकमुश्त भुगतान करने, महंगाई भत्ता 253 प्रतिशत करने, छठे वेतनमान के अनुसार एरियर का भुगतान, पावर कारपोरेशन की तरह जल निगम के पेंशनरों को कोषागार से सम्बद्ध करना आदि शामिल हैं। इसके अलावा कैशलेस चिकित्सा सुविधा की भी मांग की है। प्रदर्शन में पेंशनर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष बलवन्त सिंह, अनिल कुमार, गोविन्द यादव, डिप्लोमा इंजीनियर संघ के वीरेन्द्र पाल, विकेश कुमार, पवन, कमल कुमार, अमित कुमार सिंह, संतोष कुमार राम, धर्मेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, वसंत लाल, स्मिता कुमारी, होरी लाल, दिनेश कुमार आदि रहे।

लहरतारा कबीरपंथियों के उल्लास से सराबोर

वाराणसी। लहरतारा स्थित कबीर प्राकट्य धाम से मंगलवार को कबीरपंथियों ने भव्य शोभायात्रा निकली। इसमें हजारों अनुयायी उल्लास के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा पर जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई। इस दौरान लोगों में उल्लास, उमंग ओर खुशी का संगम दिखा। शोभायात्रा में सद्गुरु कबीर की प्रतिमा सबसे आगे थी। उसके पीछे धाम के पंथश्री हजूर अर्द्धनाम साहेब, धर्माधिकारी सुधाकर शास्त्री सहित अन्य लोग थे। सद्गुरु कबीर की वाणी, भजनों और सबद गाते अनुयायी आनंदित हो थिरक रहे थे। ऐसा लग रहा था जैसे संत कबीर स्वयं अवतरित होकर आगे-आगे मार्ग दिखा रहे हैं। शोभायात्रा के दौरान सामाजिक संगठनों ने आरती उतारी।

पूरी यात्रा के दौरान जगह जगह पर पानी , शरबत, फल की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए की गई थी। पंथश्री हजूर अर्द्धनाम साहेब ने अपने सम्बोधन में कहा कि भक्त का मतलब सदाचारी होना चाहिए। संत के घर आने से वह पवित्र और ऊर्जावान होता है। संत मनुष्य को सदाचार और संयम का पाठ सिखाते हैं। जीवन का अंधकार मिट जाता है। घर में सकारात्मक ऊर्जा का अहसास होता है। धर्माधिकारी ने कहा की कबीर लोगों को दुखी देखकर इस पृथ्वी पर चारों युगों में अलग अलग नाम से आए और मुक्ति का मार्ग दिखाया। महंत सिंधुमुनि, संत अचिंतमुनि, गुजरात के रोहित दास ने भी विचार रखे। रात में हुई चौका आरती रात में धनि धर्म दास परम्परा के अनुसार चौका आरती पूजा विधि विधान से की गई। पूजा में श्रद्धालुओं ने पान, नारियल, पुष्प पंथ हजूर को अर्पण कर आशीर्वाद लिया। चौका आरती की विशेष पूजा पंथश्री हजूर अर्द्धनाम साहेब ने की। कबीर के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं वाराणसी। कबीर जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को लहरतारा स्थित कबीर प्राकट्य धाम में भजन सत्संग एवं भंडारा हुआ।

मुख्य वक्ता महामंडलेश्वर विवेक नाथ महाराज ने कहा कि कबीर के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती है। पटना के प्रो. शत्रुघ्न शशांक ने कहा कि कबीर हम सभी प्राणियों के उद्धार के लिए धरा धाम पर पधारे। इग्नू के डा. मनोज कुमार, रतलाम (मध्य प्रदेश) के पृथ्वीराज परमार, महंत गोविंद दास शास्त्री, जगदीश त्रिपाठी, अशोक, मोहमद शान मौजूद थे।

आईआईटी में अब बीटेक सेकेंड मेजर, माइनर के भी कोर्स

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के आधार पर पाठ्यक्रमों में जरूरी बदलाव किए हैं। इसके साथ ही दो नई डिग्रियां बीटेक माइनर और बीटेक सेकेंड मेजर भी शुरू की गई है। छात्रों को कोर्स के दौरान मल्टिपल एग्जिट की सुविधा भी दी गई है। इसके साथ ही पहले वर्ष के बाद बीटेक में शाखा परिवर्तन की सुविधा अब बंद कर दी गई है। सभी पाठ्यक्रम इसी सत्र से लागू हो जाएंगे। आईआईटी बीएचयू के छात्रों के पास सत्र 2025-26 से चौथे सेमेस्टर के अंत में पांच शैक्षणिक विकल्प होंगे, जो मेरिट और पसंद के आधार पर तय होंगे।

इनमें अपनी मूल शाखा से सामान्य बीटेक डिग्री, अपने विषय में एक अतिरिक्त स्ट्रीम लेकर बीटेक ऑनर्स डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा छात्र किसी अन्य विषय में माइनर के रूप में पांचवें सेमेस्टर से 4 से 6 विषय की पढ़ाई कर सकते हैं।

बीटेक सेकेंड मेजर में छात्र अपनी शाखा के साथ किसी अन्य शाखा में 10 सेमेस्टर में कार्यक्रम पूरा कर सकते हैं। साथ ही आईडीडी के अंतर्गत 10 सेमेस्टर की बीटेक के साथ एमटेक डिग्री भी पूरी कर सकते हैं। शैक्षणिक कार्य के एसोसिएट डीन प्रो. इंद्रजीत सिन्हा ने बताया कि चार वर्ष में बीटेक माइनर पूरा करने वाले छात्र चाहें तो उपलब्ध सीटों और मेरिट के आधार पर अपना ऑप्शन बीटेक सेकेंड मेजर में परिवर्तित भी कर सकते हैं। पांच वर्षीय बीआर्क के छात्र भी माइनर और सेकेंड मेजर विकल्पों के लिए पात्र होंगे। सेकेंड मेजर लेने की स्थिति में कोर्स की अवधि छह वर्ष तक बढ़ सकती है। दूसरी तरफ, शैक्षणिक कार्य अधिष्ठाता प्रो. देवेंद्र सिंह ने बताया कि अब प्रथम वर्ष के बाद शाखा परिवर्तन की व्यवस्था को बंद कर दिया गया है। इसकी जगह छात्र अपनी मूल शाखा के साथ दूसरे विषयों में माइनर या सेकेंड मेजर की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों को एक वर्ष के बाद बीटेक छोड़ने पर इंटरिम लीविंग सर्टिफिकेट, दो वर्षों के बाद डिप्लोमा सर्टिफिकेट और तीन वर्ष के बाद कोर्स छोड़ने पर बीएससी इन इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। नया पाठ्यक्रम समग्र शिक्षा और इंटरडिसिप्लिनरी संवाद को बढ़ावा देता है।

यह छात्रों को उनकी रुचि और योग्यता के अनुसार अकादमिक यात्रा तय करने की स्वतंत्रता देता है। साथ ही उनके मूल विषय में मजबूत नींव भी सुनिश्चित करता है। आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह नया पाठ्यक्रम न केवल शैक्षिक दृष्टि से सक्षम, बल्कि सामाजिक रूप से जागरूक और उद्योग-उन्मुख स्नातकों को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रो. अमित पात्रा, निदेशक आईआईटी बीएचयू।

गर्मी बढ़ते बिजली आपूर्ति व्यवस्था धड़ाम

वाराणसी। तमाम दावों के बीच पारा चढ़ने के साथ शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था 'धड़ाम हो गई है। मांग बढ़ने से ट्रांसफार्मरों के ओवरलोड होने पर शहर के कई इलाकों में अघोषित कटौती हो रही है। स्थिति यह कई जगह पर दस तो कई जगह पर 24 घंटे बाद बिजली नार्मल नहीं हो रही है। कटौती को देखते हुए एसडीओ, जेई से लेकर अधिशासी अभियंता तक मोबाइल नंबर घंटों व्यस्त रहता है। सब स्टेशन के सीयूजी नंबरों की भी यही स्थिति रहती है। ऐसे में उपभोक्तओं को कटौती की सूचना नहीं मिलने से परेशानी होती है। बीते चौबीस घंटे से कई मुहल्लों के लोग परेशान जंगमबाड़ी मठ के पास लगे ट्रांसफार्मर का तेल बीते सोमवार की देर रात करीब दो बजे बहने लगा।

लोगों ने तत्काल इसकी सूचना भदैनी उपकेंद्र के कर्मचारियों को दी, लेकिन मौके पर कोई नहीं आया। धीरे-धीरे तेल रिसने के कारण ओवरलोड होने से ट्रांसफार्मर ट्रिप करने लगा। यह स्थिति मंगलवार दोपहर तक रही। इससे गोदौलिया के आसपास के करीब चौदह मुहल्ले के लोगों को दिनचर्या पानी नहीं मिलने से प्रभावित हुई। दोपहर में कर्मचारियों ने उपकेंद्र से आपूर्ति बंद करके ट्रांसफार्मर की मरम्मत की, लेकिन स्थिति सुधार नहीं हुआ। ट्रांसफार्मर के ओवरलोड होने से बार-बार रोस्टिंग होने से रात 12 बजे तक जंगमबाडी, लक्ष्मणपुरा, खारी कुआं समेत अन्य इलाकों में महज एक से दो घंटे बिजली मिलती रही। शिकायत करने के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। अधिकारी और कर्मचारी जांच कर चले गए। कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला। एबीसी क्षतिग्रस्त, 24 घंटे से लोग बेहाल वरुणापार हुकुलगंज में एबीसी (एरियर बंच कंडक्टर) क्षतिग्रस्त होने से बीते सोमवार दोपहर बंद हुई आपूर्ति मंगलवार देर रात तक बहाल नहीं हुई थी। लोगों ने कई बार पांडेयपुर उपकेंद्र पर शिकायत की। एसडीओ और जेई फोन रिसीव नहीं कर रहे थे। दूसरी ओर नरिया उपकेंद्र के साकेत नगर और रामनगर उपकेंद्र के रामनगर टाउन समेत कई इलाकों में भी आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी रही। साकेत नगर में मंगलवार भोर में कटी बिजली दिन बहाल हो पाई। मीरापुर बसही में भी बार-बार ट्रिपिंग से लोग परेशान रहे। इसी तरह चौकाघाट, बेनियाबाग, नगर निगम, पन्नालाल, दौलतपुर उपकेंद्र से भी दिन में कई बार बिजली की कटौती हुई। ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने को ककरमत्ता में आठ घंटे कटौती डीपीएच उपकेंद्र से जुड़े ककरमत्ता इलाके में ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के नाम पर मंगलवार को आठ घंटे बिजली काटी गई। पीडब्ल्यूडी ने ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के लिए शटडाउन लिया था। बताया जाता है लोक निर्माण विभाग ने इसकी सूचना एक सप्ताह पहले न्यूज पेपर में निकलवाई थी। लोगों का आरोप था कि कटौती की सूचना एक दिन पहले देनी चाहिए। इतनी लंबी कटौती से जन जवीन प्रभावित हुआ।

गोपाल गौशाला की जमीन पर नगर पंचायत पर अवैध निर्माण कराने का आरोप

मड़ियाहूं। स्थानीय नगर स्थित श्री गोपाल गौशाला समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में श्री गोपाल गौशाला समिति की जमीन पर अवैध तरीके से नगर पंचायत द्वारा कान्हा गोपाल गौशाला के नाम पर फर्जी वाड़ा कर निर्माण कार्य कराए जाने का निंदा करते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग की गई। बैठक में उपस्थित महामंत्री ओम प्रकाश सिंह के अनुसार नगर पंचायत से गोपाल गौशाला समिति का 2009 से दीवानी न्यायालय में मुकदमा वाद संख्या 172 /2009 लंबित है तथा उक्त भूखंड पर अस्थाई स्थगन आदेश पारित है। बावजूद इसके नगर पंचायत द्वारा उत्तर प्रदेश शासन से तथ्य गोपन कर पशु कान्हा योजना अंतर्गत शासन को प्रस्ताव भेजकर गौशाला निर्माण के मद में धन आवंटित करा लिया गया।

उक्त कान्हा गौशाला के निर्माण कार्य का पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा द्वारा शिलान्यास भी कर दिया गया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष दशरथ सिंह, उपाध्यक्ष डॉ समर बहादुर सिंह पूर्व प्राचार्य टीडीपीजी कॉलेज, विनोद जायसवाल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं के विरुद्ध स्टेटस लगाने वाले लेखपाल के खिलाफ प्रदर्शन

मड़ियाहूं। स्थानीय तहसील के एक लेखपाल द्वारा अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर वकीलों को दलाल बताने जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में तहसील बार एसोसिएशन ने बुधवार को उक्त लेखपाल के विरोध में जमकर प्रदर्शन करते हुये उसके द्वारा किए गए कृत्यों की निंदा किया। उक्त स्टेटस लगाने वाले रामपुर सर्किल के लेखपाल मनोज कुमार यादव के विरोध में बार एसोसिएशन अध्यक्ष सूर्यमणि यादव एवं महामंत्री देवेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पुरे तहसील का चक्रमण करते हुए एसडीएम कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय व नायब तहसीलदार कार्यालय को बंद करवा दिया। बार अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं से कहा कि गुरुवार को साधारण सभा की बैठक कर लेखपाल के खिलाफ निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर तहसील के सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

मंडी उपनिदेशक और हियुवा नेता में नोकझोंक

वाराणसी। संवाद पहड़िया फल मंडी में मंगलवार को चार दुकानों पर कब्जा हटाने पहुंची मंडी परिषद की टीम का आढ़तियों ने विरोध किया। उनकी अधिकारियों से भी तकझक हुई। आढ़तियों के समर्थन में पहुंचे हिन्दू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी अम्बरीश सिंह भोला और मंडी उपनिदेशक संजय कुमार सिंह में तीखी बहस हुई। मंडी उपनिदेशक ने मुख्यमंत्री से मामले की शिकायत करने को कहा। करीब एक घंटे चली बहस के बाद अधिकारी लौट गए। मंडी उपनिदेशक ने एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा को घटना की जानकारी दी और दो घंटे बाद पुलिस फोर्स के साथ आकर चार दुकानों पर कब्जा ले लिया। दुकानों में प्लास्टिक के पाइप, लोहे की आलमारी समेत अन्य सामान पड़े मिले।

मंगलवार शाम उपनिदेशक ने लालपुर-पांडेयपुर थाने पर अम्बरीश सिंह भोला के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने की तहरीर दी। इससे पहले दोपहर में मंडी परिषद की टीम ने गेट नंबर दो के पास दो दुकानों का ताला तोड़कर सामान बाहर कर दिया। इसकी सूचना पर आढ़ती पहुंचे और पिछले दिनों परिषद के नोटिस के संबंध में कार्रवाई समझकर विरोध करने लगे। इसी बीच अम्बरीश सिंह भोला भी पहुंच गए और विरोध तेज हो गया। मंडी सचिव विपुल कुमार ने कहा कि दुकानदारों को एक सप्ताह पहले नोटिस भेजा गया था। लेकिन दुकानें खाली न करने पर कार्रवाई की गई। उधर, हिंयुवा नेता अम्बरीश सिंह भोला का कहना था कि वर्षों से आढ़तियों को दुकान आवंटित थी। उनका कारोबार चल रहा था। नए अधिकारी ने बिना किसी का पक्ष सुने कार्रवाई शुरू कर दी थी। जिसपर आपत्ति जताई गई। अधिकारी से सभी की बात सुनकर समाधान करने का अनुरोध किया गया था। इस दौरान आढ़ती बृजेश सोनकर, मनोज सोनकर, धनंजय सिंह मौर्य, जय प्रकाश मिश्रा, अरविंद सोनकर छेदी, रवि सोनकर, गुड्डू सोनकर आदि रहे। कोट..... मुख्यमंत्री के निर्देश पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रदेशस्तरीय अभियान के तहत कार्यवाही की गई। चार दुकानों में अवैध रूप से गोदाम संचालित था। कब्जेदारों की ओर से जनप्रतिनिधि ने आपत्ति जताई, उनको वस्तुस्थिति की जानकारी भी दी गई थी।

बारातियों से भरी मारुति वैन डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

नौ लोग घायल, घायलों को जिला चिकित्सालय किया गया रेफर

खेतासराय। शाहगंज तहसील क्षेत्र के आजाद रेलवे क्रासिंग पर सड़क दुघर्टना में तेज रफ्तार बारातियों से भरी वैन स्पीड ब्रेकर से उछल कर डिवाइडर से टकराई जिसमें दस लोग घायल हो गए। पीछे आ रही दूसरी वाहन में सवार लोगों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

बीबीगंज चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत गोल्हगौर गांव में संतोष कुमार गौतम के यहां खेतासराय थाना क्षेत्र के मानीकला के बरगी गांव निवासी राजनाथ के बेटे समरजीत की बारात मंगलवार को आई थीं। बुधवार की भोर में मारुति ईको वैन संख्या पी 70 एफडी में सवार होकर बारात से वापस जा रहें खुटहन थाना क्षेत्र के दरना गांव निवासी रिश्तेदारों की वाहन भोर साढ़े चार बजे क्षेत्र के जौनपुर मुख्य मार्ग स्थित आजाद रेलवे क्रासिंग के स्पीड ब्रेकर से उछल कर डिवाइडर से टकराने के बाद बगल खंदक में जाने से वाहन में सवार दरना गांव निवासी 70 वर्षीय सोलई राम गौतम पुत्र लौटन राम व उक्त गांव निवासी 35 वर्षीय अंजली पत्नी रवि गौतम, 11 वर्षीय तनीषा पुत्र रवि, 16 वर्षीय नंदिनी पुत्री रवि, 45 वर्षीय राजेश कुमार पुत्र पदम कुमार, 42 वर्षीय शिल्पी

इनसेट में मृतक की फाइल फोटो एवं उपचार कराते घायल।

पत्नी राजेश कुमार, 13 वर्षीय ऋषिकेश पुत्र राजेश कुमार, 10 वर्षीय शिवकांक्षी पुत्री संजय 23 वर्षीय उज्जवल पुत्र संजय व आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी 23 वर्षीय शुभांसु पुत्र लाल साहब गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान सोलई राम गौतम को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु सभी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गया। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नकाबपोश महिलाओं ने की जेबकतरी, पुलिस बनी मूकदर्शक

तरुणमित्र न्यूज

केराकत। क्षेत्र के कुसरना नोनमटिया गांव की रहने वाली ममता देवी के साथ एक दिन-दहाड़े 13 मई की दोपहर, जब वह अपने पति द्वारा दिए गए 50 हज़ार रुपये लेकर बैंक में जमा करने जा रही थीं, तभी दो नकाबपोश महिलाओं ने आटो में बैठे गई और चतुराई से उनके बैग से पूरी रकम उड़ा ली।

घटना के बाद ममता देवी पत्नी अरबिंद यादव सीधे कोतवाली पहुंचे और घटना की लिखित शिकायत भी दी। लेकिन पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने अब तक न तो एफआईआर दर्ज की और न ही किसी प्रकार की जांच शुरू की। परेशान होकर पीड़िता के पति ने 10 जून को अपने अधिवक्ता के माध्यम से पुलिस के उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा और न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने आग्रह किया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की जाए और दोषियों की पहचान कर उन्हें सजा दिलाई जाए।

पीड़ित परिवार ने अपनी तरफ से प्रयास करते हुए बैंक परिसर और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खुद खंगाली। फुटेज में दो संदिग्ध नकाबपोश महिलाएं बैंक के बाहर संदिग्ध स्थिति में दिखाई दीं। यह वीडियो सबूत भी पुलिस को सौंप दिया गया, लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस की ओर से अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई, न्याय की आस में मायूस है पीड़िता अब तक कोई ठोस पहल न होने से ममता देवी और उनका परिवार बेहद निराश है। पुलिस की निष्क्रियता से आहत पीड़िता अब न्याय के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की ओर टकटकी लगाए बैठी है। परिवार की मांग है कि जल्द से जल्द दोषियों को पकड़कर कार्रवाई की जाए और पुलिस की लापरवाही की भी जांच हो। इस संबंध में पूछने पर कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार राय ने बताया पीड़िता को खुद पता नहीं है पैसा कहीं गिरा या किसी ने हाथ फी दिया मामले में जाँच की जा चुकी है इनका पैसा कहीं रास्ते में गिर गया होगा किसी पर आरोप ग़लत है।

ब्लॉक प्रमुख ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

तरुणमित्र न्यूज

सुजानगंज। क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज का आवचक निरीक्षण ब्लॉक प्रमुख उषा श्री प्रकाश शुक्ला द्वारा किया तथा उपस्थित मरीजों से हालचाल जाना तथा सीएचसी से मिलने वाली सुविधाओं के विषय में मरीजों से बातचीत किये। चिकित्सा अधीक्षक देवेंद्र पाल के द्वारा बताए गए समस्याओं पर विचार विमर्श किया। तथा जल्द से जल्द उन समस्याओं का निवारण हेतु उपाय करने की बात कही।तथा मूलभूत सुविधाओं को प्रत्येक मरीज को लाभ मिलना चाहिए। सरकार की मंशानुरूप कोई भी दवा बाहर की न लिखे जहां तक संभव हो मरीजो की जांच अस्पताल में ही सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान मरीज से पूछताछ करते ब्लाक प्रमुख।

सुजीत वर्मा बनाए गए राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला सचिव

सुजीत वर्मा।

तरुणमित्र न्यूज

शाहगंज। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (पंजीकृत) की जिला इकाई जौनपुर ने जनपद के निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकार सुजीत वर्मा को नई जिम्मेदारी सौंपी है। परिषद के जिलाध्यक्ष तामीर हसन शीबू ने उन्हें जिला सचिव एवं तहसील शाहगंज प्रभारी पद पर नियुक्त किया है। सुजीत वर्मा वर्तमान में एक हिंदी दैनिक के ब्यूरो चीफ आदित्य टाइम्स के रूप में कार्यरत हैं और पत्रकारिता जगत में अपनी स्पष्ट, निर्भीक और निष्पक्ष लेखनी के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति पर संगठन में उत्साह का माहौल है।

जिलाध्यक्ष तामीर हसन शीबू ने विश्वास व्यक्त किया कि सुजीत वर्मा संगठन की गरिमा, उद्देश्य और पत्रकार हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला प्रभारी शशिकांत मौर्य, जिला महासचिव रियाजुल हक, उपाध्यक्ष इम्तियाज सिद्दीकी और जिला कमेटी की पूरी टीम ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूती प्रदान करने की उम्मीद जाहिर की।

लड़की भगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

पुलिस हिरासत में आरोपी।

बरसठी। थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की को गांव के ही रिश्तेदार ने शादी का झूठा वादा कर प्रेम में फसा कर घर से कही ले जा रहा था परंतु इसकी सूचना थाना प्रभारी को लगी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 1:30 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिश्तेदार आरोपी युवक दीपक कुमार पुत्र चिंतामणि निवासी सजई कला थाना पवारा का बरसठी थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की को प्यार हो गया। आरोपी मंगलवार को दोपहर में लड़की को भगा कर कही जा रहा था परन्तु इसकी सूचना थाना प्रभारी राजेश यादव को लग गई थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए 1:30 घंटे के अंदर बारीगांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछने पर बरसठी प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि बीएनएस 137(2),87 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

आजादी के सौवीं वर्षगांठ पर भारत विकसित राष्ट्र होगा : नीलकंठ तिवारी

पीएम मोदी के 11 साल पूरे होने पर मंत्री ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

मछलीशहर। भारतीय जनता पार्टी जिला मछलीशहर में मोदी सरकार के 11वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत के अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर नगर के सुशीला पैलेस में प्रदर्शनी, गोष्ठी व प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए पूर्व मंत्री नीलकंठ तिवारी ने कहा कि आजादी के सौवीं वर्षगांठ पर भारत विकसित राष्ट्र होगा उन्होंने कहा यह संकल्प, साधना और समर्पण का स्वर्णिम कालखंड का काल है।नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 11 साल पूरे किए, जिसमें भारत ने आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक मंच पर प्रगति की। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान और आयुष्मान भारत ने योगदान दिया। कहा कि नरेंद्र मोदी के ने भारत को कई क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आयुष्मान भारत योजना में 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया। डिजिटल इंडिया ने यू पी आई के माध्यम से भारत को वैश्विक डिजिटल भुगतान का नेतृत्वकर्ता बनाया। मेक इन इंडिया ने विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा दिया, जिससे भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरों को स्वच्छ नल जल कनेक्शन प्रदान किया।

नीलकंठ तिवारी के साथ सीमा द्विवेदी, हरेंद्र सिंह व दिनेश चौधरी समेत अन्य।

कार्यक्रम में उपस्थित राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि पिछले 11 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। उन्होंने भारत को पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताते हुए चौथे स्थान की ओर बढ़ने का दावा किया।इससे पहले की सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी थी। पिछले 11 साल में मोदी जी के नेतृत्व में जो हुआ है अकल्पनीय और अद्वितीय है। जिला प्रभारी संतोष सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल का पहला साल (जून 2024 से जून 2025) भारत के लिए रणनीतिक, सामाजिक और वैश्विक क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक, ऑपरेशन सिंदूर व वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख ने इस अवधि को परिभाषित किया। यह सरकार बड़े निर्णय लेने में सक्षम है। इसने देश को विकसित भारत के पथ पर और मजबूती से अग्रसर किया। जिलाध्यक्ष भाजपा मछलीशहर डा. अजय कुमार सिंह ने स्वागत उद्बोधन के साथ प्रोफेशनल मीट की प्रस्तावना रखा। इस अवसर पर पूर्व विधायक दिनेश चौधरी, डॉ.हरेंद्र सिंह,दिलीप राय बलवानी, मंडल अध्यक्ष हरि ओम गुप्ता, राजेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, मनोज जायसवाल, राजेश सिंह, संतोष जायसवाल, जयानंद चौबे, मुकेश सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा. नृपेंद्र ने किया।

आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपित गिरफ्तार

मड़ियाहूं। स्थानीय पुलिस ने एक युवती द्वारा आत्महत्या कर लिये जाने पर उसे उकसाने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह के अनुसार क्षेत्र के ताजुद्दीनपुर निवासी आरोपित किशन गौतम का क्षेत्र के ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बाद में आरोपित उक्त युवती से बातचीत करना बंद कर देता है। युवक द्वारा बात न करने पर युवती आत्महत्या करने की धमकी देती है जिस पर आरोपित कहता है की तुम चाहे जो करो मुझसे कोई लेना देना नहीं है। जिससे क्षुब्ध होकर युवती बीते 20 मई को वाराणसी के एक होटल में आत्महत्या कर लेती है। इस संबंध में दर्ज मुकदमें में जांच के दौरान पुलिस को उक्त आरोपित के विरुद्ध साक्ष्य मिले जिसके आधार पर पुलिस ने बुधवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

सुचना:- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 3292516 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

प्रार्थी:- सतीश कुमार यादव पुत्र महेंद्र कुमार यादव निवासी चमरहा निगोह, जौनपुर

सूचना:- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुम्बई में रहते हुये मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम जयकिशन छोटे लाल मौर्य निवासी न्यू बाम्बे बेकरी, 2/2 श्री रामा चाल गांव देवी रोड टेंबीपाड़ा, भांडूप वेस्ट स.ओ., मुम्बई, महाराष्ट्र है लेकिन अब से मुझे सुभाष मौर्य पुत्र छोटे लाल मौर्य नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाय।

सूचितकर्ता:- सुभाष मौर्य पुत्र छोटे लाल मौर्य निवासी ग्राम खोइरी, पोस्ट सोतीपुर तहसील मड़ियाहूं, जनपद जौनपुर।

जिलाधिकारी ने की उत्तर प्रदेश खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक

डॉ बीआर स्पोर्ट्स स्टेडियम में नए क्रिकेट पिच के निर्माण की मिली अनुमति

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को उत्तर प्रदेश खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला क्रीडा अधिकारी ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की कार्यवाही की समिति को अवगत कराया। इसके अलावा स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में नए क्रिकेट पिच के निर्माण, तहसील स्तर पर युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. विभाग द्वारा तहसील स्तर पर समिति के गठन, स्टेडियम परिसर में कर्मचारियों के उपस्थिति हेतु बायोमेट्रिक मशीन लगाई जाने, वित्तीय वर्ष 2022-23, 23-24 एवं 24-25 की ऑडिट कराने एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में समय समय पर उपयोगिता का आयोजन कराने हेतु प्रस्ताव जिला क्रीडा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

समिति के सदस्यों से व्यापक विचार-विमर्श कर जिलाधिकारी ने सारे प्रस्तावों को अनुमोदित किया। इसके अलावा उन्होंने समिति की नियमित बैठक कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही नगर पालिका एवं जिला पंचायत से स्टेडियम परिसर में कराए जा सकने वाले कार्यों की सूची भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे इन विभागों द्वारा स्टेडियम में निर्माण एवं अन्य कार्य कराया जा सके। जिलाधिकारी ने स्टेडियम परिसर में विशेष साफ सफाई एवं रखरखाव के भी निर्देश दिए तथा स्टेडियम परिसर को हमेशा स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने को कहा।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरशद जमाल, मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, जिला विद्यालय निरीक्षक वी पी सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय।

संक्षिप्त समाचार

घटना के पश्चात बदमाशों का मौके से भाग जाना पुलिस की निष्क्रियता: मनीष सर्राफ

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। गत दिवस बुधवार की रात स्थानीय रेलवे स्टेशन की घटना पर युवा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनीष सर्राफ ने घोर निंदा करते हुए कहा की इतने भीड़ भाड़ वाली जगह पर इस तरीके से जघन्य हत्या होना और हत्या में शामिल लोगों का भाग जाना ये रेलवे और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शाता है। बुधवार की रात की घटना से पूरे शहर की जनता भयभीत है। पुलिस के बताने के मुताबिक भले ही ये क्रिया की प्रतिक्रिया है लेकिन यह कह देने से मात्र काम नहीं चलने वाला कहीं न कहीं ये, जनता की सुरक्षा में सेंध है। युवा व्यापार मंडल की टीम बृहस्पतिवार की सुबह रेलवे स्टेशन का जायजा लिया और मऊ रेलवे के स्टेशन के स्टेशन मास्टर से मुलाकात की तथा स्टेशन अधीक्षक से वार्ता किया। जहां पता चला कि रेलवे डिपार्टमेंट द्वारा प्लेटफॉर्म के अलावा पूरे रेलवे कैंपस में कहीं भी सी सी टी वी कैमरे नहीं लगे हुए हैं जो अत्यंत चिंतनीय विषय ही नहीं जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। कल की घटना से रेलवे डिपार्टमेंट और पुलिस प्रशासन को सबक लेने की जरूरत है। अतिशीघ्र जगह जगह सी सी टीवी कैमरे लगाने की जरूरत है। साथ साथ जो घटना स्थल पर रेलवे का चौराहा है वहाँ एक पुलिस बूथ होना जरूरी है क्योंकि शहर में दूर दराज से दिनों रात व्यापारियों का आना-जाना है ऐसे में लोगों की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है। मनीष सर्राफ ने बताया की प्रशासन की तरफ से बार बार मीटिंग के माध्यम से व्यापारी वर्ग को सी सी टीवी कैमरे लगाने हेतु जागरूक किया जाता है। लेकिन यहां तो रेलवे प्रशासन के कैमरे के मामले पूरी तरह फेल है आखिर इनको कौन जागरूक करेगा ये बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न है।

अवैध डीजल कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

घोसी (मऊ)। कोतवाली घोसी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध डीजल के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने अवैध डीजल कारोबार के एक आरोपी को कोतवाली क्षेत्र के नदवासराय अंडरपास से गिरफ्तार किया है।

जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने 80 लीटर डीजल, चार खाली ड्रम, दो प्लास्टिक की पाइप, एक लोहे का कटर, प्लास, एक मोबाइल और एक चार पहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एसपी इलामारन जी व क्षेत्राधिकारी घोसी के निर्देशन में पुलिस टीम क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ के क्रम में मौजूद थी। उसी दौरान पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के नदवासराय अंडर पास से 2 किलोमीटर पश्चिम से आरोपी समरहरू राजभर पुत्र स्व हरिश्चंद्र राजभर उम्र 35 वर्ष निवासी अथवारा तिन्हरी थाना मधुबन को धर दबोचा। जबकि दो अन्य आरोपी दिलीप कुमार पुत्र स्व जयनाथ प्रसाद एवं कृष्णा गोंड निवासी बहोरनपुर थाना मधुबन मौके से फरार हो गए। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी डीजल की अवैध खरीद-फरोख्त में संलिप्त था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उनि आकाश श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश कुमार, दिनेश कुमार यादव सहित हे.का. मनोज कुमार यादव, अनील सिंह, का. बृजेश कुमार मिश्रा, उनि श्रीविक्रम सिंह, का. आलोक कुमार राय, योगेश कुमार शामिल रहे।

जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री के सुझाव पर डीएम का बड़ा एक्शन

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री रितेश कुमार श्रीवास्तव के प्रयासों के चलते तहसीलदार शैलेंद्र चंद सिंह का एक बार फिर मोहम्मदाबाद तहसील से सदर तहसील में बतौर तहसीलदार न्यायिक के पद पर तबादला कर दिया गया है।

मोहम्मदाबाद तहसील में उनके भ्रष्ट और मनमानी रवैये के खिलाफ अधिवक्तागण आंदोलित थे। अधिवक्ताओं की शिकायतों और आंदोलन को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा ने तत्काल संज्ञान में लेकर तहसीलदार का तबादला कर दिया। गौरतलब है कि इससे पहले भी शैलेंद्र चंद सिंह को इसी तरह के आरोपों के चलते घोसी तहसील से मोहम्मदाबाद स्थानांतरित किया गया था। लेकिन मोहम्मदाबाद में भी उनके कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया, जिससे अधिवक्ता वर्ग में भारी आक्रोश उत्पन्न हो गया। जिला बार एसोसिएशन ने लगातार प्रशासन से शिकायत करते हुए निष्पक्ष और ईमानदार प्रशासन की मांग की थी। महामंत्री रितेश कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में हुए प्रयास अंततः रंग लाए और तहसीलदार का तबादला कर दिया गया। अधिवक्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए जिलाधिकारी का आभार जताया है।

धनगर समाज ने अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर निकाला शोभायात्रा

■ माता होल्कर न्याय प्रिय शासिका और धर्मपरायण महिला थीं: संजीव कुमार

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। लोक माता अहिल्याबाई होल्कर कि 300वें जयंती पर धनकर समाज ने स्थानीय कस्बा स्थित बनियाबाध मोड़ से मधुबन खिरीकोठा तक एक शोभायात्रा बुधवार को निकाला गयी। शोभायात्रा खिरीकोठा स्थित आशीर्वाद मैरेजहाल में एक जन सभा में तब्दील हो गई।

जन सभा को संबोधित करते हुए धनगर समाज के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार पाल ने लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर 31 मई 1725 से 13 अगस्त 1795 तक मराठा साम्राज्य की महारानी थी। भारत के इतिहास में कई ऐसी वीरांगनाएं हुई जो अपने द्वितीय शासन और दूरदर्शिता से इतिहास के पन्नो और कहानियों में अमिट छाप छोड़ा। जिसके चलते आज माता अहिल्याबाई होल्कर को एक आदर्श प्रशासिका, न्याय प्रिय शासिका और धर्मपरायण महिला के रूप में जाना जाता है। उन्होंने ने अपने न्याय पूर्ण एव लोक कल्याण कार्यो से समाज को एक नई दिशा दिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार पाल, जेपी धनगर, भरत भैया, बीर बहादुर पाल सहित तमाम धनगर समाज के लोग उपस्थित रहे।

मंत्री एके शर्मा जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे आज

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा बृहस्पतिवार को पालिका कम्युनिटी हाल में आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ ही प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। बुधवार को जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण कांत राय ने इसकी जानकारी देते हुये बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार में नगर विकास एवं ऊर्जा कैबिनेट मंत्री ए के शर्मा केंद्र सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण करने के उपलक्ष में बृहस्पतिवार को दोपहर में समय 2 बजे मऊ स्थित पालिका कम्युनिटी हाल में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनमानस को संबोधित करेंगे, तथा साथ ही प्रेस वार्ता भी करेंगे।

उक्त कार्यक्रम में विधायक केतकी सिंह तथा जिला प्रभारी रमेश सिंह भी सम्मिलित होंगे।

स्पांसरशिप के तहत पात्र बच्चों को दी जायेगी आर्थिक सहायता

18 वर्ष की आयु तक वाले बच्चों को मिलेगा चार हजार रुपये प्रतिमाह

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने बुधवार को बताया कि स्पांसरशिप के तहत पात्र बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक चार हजार रुपये प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जा रही है। आवेदन करने के बाद पात्रता की जांच होती है और फिर लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि योजना के लिए पात्र वे बच्चे, जिनके माता-पिता की मृत्यु हो गई हो, मां तलाकशुदा या परिवार से अलग हो गई हो। जिनके माता-पिता या उनमें से कोई एक गंभीर अथवा जानेलवा बीमारी से ग्रसित हों।

ऐसे बच्चे, जो बेघर हैं, निराश्रित हैं या विस्थापित परिवार के साथ रह रहे हैं। जो कानून से संघर्षरत हैं, जिन्हें बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त कराया गया हो। ऐसे बच्चे जो किसी प्राकृतिक आपदा के शिकार हों, दिव्यांग, लापता या घर से भागे हुए हैं। जिनके माता-पिता या उनमें से एक कारागार में निरुद्ध हैं या एचआइवी एड्स से ग्रसित बच्चे जिन बच्चों के माता-पिता आर्थिक, शारीरिक या मानसिक रूप से देखभाल में असमर्थ हों। वे बच्चे, जिनको सहायता एवं पुनर्वास की आवश्यकता हो। जो बच्चे फुटपाथ पर जीवनयापन कर रहे, प्रताड़ित, उत्पीड़ित या शोषित हों।

अभिभावक की आय सीमा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतम 72 हजार रुपये वार्षिक व शहरी क्षेत्रों में अधिकतम 96 हजार रुपये सालाना हो। माता-पिता या अभिभावक व बच्चे का आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, शिक्षण संस्थान में पंजीयन का प्रमाण पत्र।

प्रवीण मिश्र, जिलाधिकारी।

विभिन्न देशों की यात्रा कर पीएम से मिले सांसद राजीव राय


पीएम आवास पर नरेन्द्र मोदी जी से मिलते सांसद राजीव राय।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7-लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर गत दिवस विभिन्न देशों की यात्रा पर गए विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों की मेजबानी की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता तथा घोसी लोकसभा से सांसद राजीव राय ने 7, लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात किया। इस दौरान राजीव राय ने प्रधानमंत्री से विभिन्न देशों में अपनी बैठकों के बारे में बात की तथा जानकारी साझा किया एवं अपने आवश्यक सुझावों को भी उनके समक्ष रखा। घोसी सांसद राजीव राय ने कहा 'आज प्रधानमंत्री जी से मिलकर आतंकवाद के खिलाफ विदेश दौरे का अनुभव और सुझाव साझा किया। जिस पर प्रधानमंत्री जी द्वारा तारीफ किये जाने अपने तरफ शुक्रिया करके आगे बढ़ गया। श्री राय ने कहा कि उन्होंने वही किया जो श्रद्धेय नेताजी ने सिखाया और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा बताया है कि राष्ट्र सर्वोपरि।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा 'विभिन्न देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात की और शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता तथा आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। जिस तरह से उन्होंने भारत की आवाज को आगे बढ़ाया, उस पर हम सभी को गर्व है।' आपको बताते चलें घोसी सांसद राजीव राय समेत सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहनशीलता की नीति को बढ़ावा देने के लिए अपने राजनयिक प्रयासों को पूरा किया। राजीव राय समेत सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को ऑपरेशन सिंदूर के बाद भेजा गया था, जो जम्मू और कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद भारत की प्रतिक्रिया थी, जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे।

ओमप्रकाश राजभर ने साजिश कर महेन्द्र राजभर पर कराया हमला: आप

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। आम आदमी पार्टी ने सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर पर हुए हमले को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता की। जिसमें जिलाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने ओमप्रकाश राजभर और एनडीए पर सुनियोजित साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महेंद्र राजभर ने स्वयं ओमप्रकाश राजभर पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि ओमप्रकाश को महेंद्र से राजनीतिक प्रभाव का डर है। सिंह ने कहा कि सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के कार्यकर्ता अपने स्वाभिमान के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। श्री सिंह ने आरोप लगाया कि ओमप्रकाश राजभर सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी को समाप्त करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कम समय में स्वाभिमान पार्टी ने जनता के बीच अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने ओमप्रकाश पर टिकट वितरण में अनियमितता और परिवारवाद का भी आरोप लगाया। आम आदमी पार्टी ने महेंद्र राजभर को अपना समर्थन देते हुए मामले की जांच की मांग की है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर ओमप्रकाश राजभर माफी नहीं मांगते हैं तो वे आंदोलन करेंगे।

मऊ जंक्शन के सामने हिस्ट्रीशीटर युवक की ईंट से कूचकर हुई हत्या

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। शहर कोतवाली क्षेत्र के मऊ जंक्शन के ठीक पूरब रोड पर मंगलवार की शाम लगभग नौ बजे के करीब बाईक सवार बेखौफ बदमाशों ने सरे राह ईंट से कुंचकर हिस्ट्रीशीटर युवक की हत्या कर दी। घटना के समय मृतक हिस्ट्रीशीटर अपने साथी के साथ बाइक से स्टेशन की और जा रहा था। उधर घटना की जानकारी होते ही मामले की जांच में पुलिस जुट गई। पुलिस की ओर से जानकारी दी गयी कि मृतक युवक के ऊपर हत्या सहित पांच मामले दर्ज हैं। जिसकी पहचान थाना दक्षिण टोला क्षेत्र के रामपुर चकिया निवासी ओम प्रकाश यादव के पुत्र हिस्ट्रीशीटर गुलशन यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम मृतक हिस्ट्रीशीटर गुलशन याव अपने साथी रणधीर यादव के साथ मऊ जंक्शन पर किसी कारण से पहुंचा था जहां पहले से घात लगाए तीन बाइक पर 6 की संख्या में बदमाशों ने युवक को स्टेशन रोड पर घेर कर लिया। बदमाशों के इरादे से बेखबर हिस्ट्रीशीटर गुलशन यादव जब बाइक से नीचे उतरा तो बदमाशों ने ईंट से उस पर हमला कर दिया। उसके नीचे ही गिरते ही उसके सिर को ईंट से कूंचकर गुलशन को बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना सार्वजनिक स्थान पर होने के चलते लोगों में अफरा तफरी मच गई।

उधर इसकी सूचना किसी व्यक्ति द्वारा पुलिस को दिये जाने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल गुलशन को जिला अस्पताल उपचार के लिए लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने गुलशन को मृत घोषित कर दिया। एसपी इलामारन जी ने बताया कि मृतक दक्षिण टोला थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरूद्ध 5 संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। वहीं मृतक के साथी रणधीर पर भी 17 मुकदमें दर्ज हैं। घटना व अपराधियों के बारे में पुलिस जांच में जुटी है।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

किसानों के लिए वरदान बनी 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' माइक्रो इरिगेशन योजना: संदीप गुप्ता

उद्यान विभाग के यूपीयमआईपी पोर्टल पर पंजीकरण प्रारंभ

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से किसानों को सिंचाई की सुविधा विकसित करने के लिए 'पर ड्रॉप मोर क्राप' माइक्रो इरिगेशन योजना में 80 से 90 प्रतिशत अनुदान पर ड्रिप सिस्टम, मिनी स्प्रिंकलर सिस्टम, पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिस्टम और रेन गन की स्थापना करने का निर्देश प्रदान किया गया है। जनपद में इस वर्ष 1494 हेक्टेयर में उक्त कार्यक्रमों को करने हेतु 9 करोड़ रुपए की कार्य योजना उपलब्ध कराई गई है। इस योजना की विशेषता यह है कि ड्रिप सिंचाई और स्प्रिंकलर सिंचाई से किसान अपने पानी की बर्बादी को रोकेंगे, सिंचाई में कम समय लगेगा तथा मानव श्रम की बचत के साथ किसानों की खेती का आर्थिक बोझ भी काफी कम हो जाएगा।

शासन से निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु विभिन्न कंपनियां नामित कर दी गई है तथा उद्यान विभाग के यू पी यम आई पी पोर्टल पर पंजीकरण प्रारंभ कर दिया गया है। जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्त बताते हैं कि अभी तक जनपद में 80 हेक्टेयर क्षेत्रफल हेतु किसानों ने अपना पंजीकरण कर लिया है जिसके उपरांत कंपनी और किसानों के साथ जिला उद्यान अधिकारी के अनुबंध के पश्चात सिस्टम स्थापना का कार्य प्रगति पर है। जिला उद्यान अधिकारी के अनुसार विगत वर्ष में 269 हेक्टेयर में किसानों के खेतों पर ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई की पद्धतियां लगभग ढाई करोड रुपए की अनुदान सहायता देते हुए स्थापित कराया गया है तथा विगत वर्ष लगभग 230 किसानों के यह कार्यक्रम उद्यान की फसलों के साथ-साथ गन्ना एवं कृषि फसलों में भी कराए जा चुके हैं। किसानों को पंजीकरण हेतु अपने खेत की खतौनी की फोटोकॉपी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी, एक फोटो और एक मोबाइल नंबर जिला उद्यान कार्यालय विकास भवन में उपलब्ध कराना होगा अथवा स्वयं से भी संबंधित पोर्टल पर अपना आवेदन किया जा सकता है।

किसानों के लिए एक अच्छा अवसर सरकार की योजना के रूप में प्राप्त हुआ है जिससे किसान एक स्थाई विकल्प के रूप में सिंचाई तंत्र को मजबूत बनाते हुए अपने लागत में काफी कमी और उत्पादन में 25 से 30: तक की वृद्धि ले सकते हैं। इसमें लघु सीमांत किसानों को लागत का 90: तथा बड़े किसानों को 80 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है। कृषक को मात्र कृषक अंश के रूप में 10 से 20: ही धनराशि जमा की जाती है, इसके उपरांत चयनित कंपनी द्वारा किसान के यहां ड्रिप सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति की स्थापना कराकर उसकी संतुष्टि उपरांत बिल पोर्टल पर उपलब्ध कराने के पश्चात सीधे उद्यान विभाग के लखनऊ हेड क्वार्टर से अनुदान की राशि कंपनी के खाते में दी जा रही है।

खेत में तैयार फसल को दिखाते जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता।

कोटा का राशन बेचने वाला कोटेदार धराया

तरुणमित्र न्यूज

मधुबन (मऊ)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के फतहपुर मंडाव में सरकारी राशन की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। गांव के कोटेदार फैयाज को ग्रामीणों ने 25 बोरी पात्र गृहस्थी का राशन पिकअप में ले जाते समय पकड़ लिया और पुलिस को इसकी सूचना दी।

बुधवार के दिन कोटेदार फैयाज के राशन वितरण स्थल के सामने एक पिकअप पर सरकारी राशन लाद कर ले जाया जा रहा था। अभी पिकअप राशन लेकर कुछ ही दूर पहुंचा था कि ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों ने पिकअप को रोक घेर लिया। उधर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रामपुर पुलिस और आपूर्ति विभाग को दी। साथ ही पकड़े गए राशन की वीडियो भी बनाई। सूचना मिलते ही सप्लाई इंस्पेक्टर विनोद कुमार अग्रहरी मौके पर पहुंचे। सप्लाई इंस्पेक्टर ने बताया कि बोरियों का मिलान और स्टॉक की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

एक बार फिर चला डीएम का 'तबादला एक्सप्रेस'

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिले में एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए कई उप जिलाधिकारी और तहसील स्तरीय अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया है। लगातार बढ़ती शिकायतों, प्रशासनिक सशक्तिकरण और कार्य कुशलता में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

जानकारी के अनुसार, मुहम्मदाबाद गोहना के उप जिलाधिकारी (न्यायिक) अवधेश कुमार को अब सदर का उप जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं, मऊ सदर के उप जिलाधिकारी हेमंत चौधरी को मुहम्मदाबाद में उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा मुहम्मदाबाद के तहसीलदार शैलेंद्र सिंह का तबादला कर उन्हें सदर में तहसीलदार (न्यायिक) बनाया गया है, जबकि सदर के तहसीलदार उमेश सिंह को मुहम्मदाबाद में तहसीलदार (न्यायिक) के पद पर भेजा गया है। तबादलों की इस कड़ी में सदर के नायब तहसीलदार अभिषेक वर्मा को घोसी तहसील में नायब तहसीलदार के पद पर नियुक्त किया गया है।

वहीं, घोसी के वर्तमान नायब तहसीलदार अमरनाथ यादव को सदर में नायब तहसीलदार की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा द्वारा लिए गए इस त्वरित और कड़े फैसले को प्रशासनिक हलकों में संतुलन और पारदर्शिता बहाल करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। जिले में लंबे समय से कुछ अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर लगातार उठ रही आवाजों और बार-बार सामने आ रहे आरोपों को देखते हुए इन तबादलों को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिकारियों की नई तैनाती से जहां आम जनता को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं मिलने की उम्मीद है, वहीं इससे कार्य प्रणाली में भी तेजी और पारदर्शिता आने की संभावना जताई जा रही है।

शिक्षक प्रतिनिधि स्वदेश कुमार सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से की मुलाकात

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तकनीकी संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष सह ग्रेटर नोएडा शहर के नॉलेज पार्क स्थित जीआईएमएस संस्थान के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से उनके आवास पर मुलाकात की। स्वदेश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान संगठन की ओर से शिक्षा के हित में कई सुझाव रखे और शिक्षक वर्ग की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए शीघ्र उचित समाधान की मांग की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ लगभग पौन घंटे के इस मुलाकात के दौरान शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई साथ ही साथ शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर करने हेतु मुख्यमंत्री द्वारा अनेकों सुझाव भी दिए गए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से जुड़ी सभी समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। स्वदेश कुमार सिंह ने बताया कि इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य शिक्षा एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों की परेशानियों के साथ साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों में आ रही कठिनाइयों से माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराना था।

आज के इस मुलाकात के दौरान अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जी एवं उत्तर प्रदेश शैक्षिक महासंघ के उच्च प्रभारी उदयन मिश्रा भी उपस्थित थे।

सीएम से उनके कार्यालय पर मुलाकात करते स्वदेश कुमार सिंह साथ में संघ के साथी।

जी.एच.के. हास्पिटल
(मल्टी स्पेशलिटी)
पालीटेक्निक चौराहा निकट-लोहिया पार्क, जौनपुर
सुविधाएं:-
⇨ अल्ट्रासाउण्ड एवं कलर डापलर
⇨ इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
⇨ नार्मल एवं सीजर डिलीवरी
⇨ कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण
⇨ काल्पोस्कोपी
⇨ हिस्ट्रोस्कोपी
⇨ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।
(इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध)
Mob.: 9335382171
डा. अम्बर खान
एमबीबीएस डीजीओ इलाहाबाद (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक दिन 10 से 4 बजे तक

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
हिमानी हॉस्पिटल ADVANCE WOMEN CARE
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जनः गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जनः • डा. एल.एच. हीरानंदानी हॉस्पिटल, मुंबई • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
नि:संतान महिलाएं अवश्य मिलें

जंगीपुर विधानसभा का विकास ही कांग्रेस का लक्ष्य : चन्द्रिका सिंह

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। जंगीपुर विधानसभा के कैथवलिया ग्राम सभा में राहुल यादव के आवास पर सदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक कर संगठन सृजन अभियान की शुरुआत राजेश उपाध्याय के नेतृत्व में की गई कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया और कहा कि संगठन को मजबूत कर आगे आने वाले चुनाव में कांग्रेस अपनी ताकत का अहसास कराएगी।

कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि पूरे जनपद में संगठन सृजन अभियान का काम जोरों पर हैं जिसमें हमारे न्याय पंचायत ग्राम पंचायत के अध्यक्ष संगठन की ऋष्टा की हड्डी है और उनके बाल पर ही हम आगे आने वाले चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पार्टी का बी एल ओ बना करके हमें वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने की आवश्यकता है जिससे हमारी लड़ाई कारगर साबित होगी प्रत्येक बूथ पर 20 बूथ का लक्ष्य रखने की आवश्यकता है।

जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने कहा कि जंगीपुर विधानसभा का विकास ही कांग्रेस पार्टी का मुख्य लक्ष्य है जंगीपुर के विकास की अवधारणा को सही साबित करने के लिए प्रत्येक बूथ पर हमें जुझार कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर प्रत्यक ग्राम पंचायत की समस्याओं को उजागर कर उसका समाधान करने की आवश्यकता है।

हादसे के बाद परिजन में कोहराम, पुलिस ने शव लिया कब्जे में

डीजे वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत और दूसरा गंभीर रूप से घायल

तरूणमित्र न्यूज

मार्टिनगंज -आजमगढ़। दीदारगंज थाना क्षेत्र के मार्टिनगंज स्थित जैगहा मोड पर मंगलवार की रात डीजे वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों में से एक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर घटना स्थल पहुंची दीदारगंज पुलिस जांच कर घायल को अस्पताल भेजवाया जहां उपचार चल रहा है।

मार्टिनगंज के सूघरपुर गांव निवासी 24 वर्षीय अभिषेक राजभर पड़ोसी गांव बनगांव निवासी 45 वर्षीय प्रमोद राजभर के साथ बाजार गए थे। रात को दोनों बाइक से घर लौट रहे थे कि जैगहा मोड पर पहुंचे की एक वाहन को ओवरटेक कर आगे निकलते ही कि अचानक सामने से आ रहे डीजे वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गम्भीर रुप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को मार्टिनगंज सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देखा तो जौनपुर के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में पहुंचे की डॉक्टर ने अभिषेक राजभर को मृत घोषित कर प्रमोद राजभर की हालत गंभीर देख इलाज के लिए भर्ती कर लिया। मौत की सूचना से परिवार के सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल है।

मारपीट करने वाले दो पक्षों के कुल 14 लोगों को किया गिरफ्तार

आजमगढ़। ग्राम मुडियार हरिजन बस्ती में आयी एक बरात में डीजे पर नाचने को लेकर दो पक्षों में वाद-विवाद एवं लड़ाई-झगडा किया गया, जो ग्राम मुडियार से पुनः वापस आकर रेलवे क्रासिंग कस्बा फूलपुर में भी दोनों पक्षो में हाथापाई व एक दूसरे को मारपीट आमादा हो रहे थे, इस सूचना पर उ0नि0 दिनेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह के साथ रेलवे क्रासिंग कस्बा फूलपुर पहुँचे जहाँ उभय पक्ष आपस मे हाथा पाई व एक दूसरे को मारपीट आमादा हो रहे थे जिन्हे समझाने बुझाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन नहीं माने बल्कि और उग्र होकर आमादा फौजदारी को तैयार हो गये, शान्ति व्यवस्था भंग होने की प्रबल सम्भावना के दृष्टिगत अभियुक्तगण उपरोक्त को पुलिस के मदद से अन्तर्गत धारा 170 बीएनएस में बकायदा गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।

30 घंटे बाद सरयू नदी में मिला प्रीति का शव

सिकंदरपुर (बलिया)। क्षेत्र के पुरुषोत्तम पट्टी गांव में सरयू नदी में डूबी प्रीति उर्फ हिमांशी यादव (13 वर्ष), पुत्री शैलेंद्र यादव का शव घटना स्थल से लगभग 10 मीटर की दूरी पर करीब 30 घंटे बाद बरामद हुआ। शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

गौरतलब है कि मंगलवार की सुबह करीब 7.30 बजे प्रीति उर्फ हिमांशी (13 वर्ष) अपनी बहन निक्की (12 वर्ष) पुत्री शैलेंद्र यादव और सहेली मनीषा यादव पुत्री सरल यादव निवासी चनुकी, थाना सुखपुरा के साथ पुरुषोत्तम पट्टी नदी घाट पर स्नान करने गई थी। स्नान के दौरान तीनों किशोरियां गहरे पानी में चली गईं। वहां मौजूद मजदूरों ने तत्काल निक्की और मनीषा को बचा लिया, लेकिन प्रीति का कोई सुराग नहीं लग पाया।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मछुआरों को बुलाया गया, जिन्होंने डूबी किशोरी की खोजबीन शुरू की। काफी प्रयास के बाद भी सफलता नहीं मिली। बाद में एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया, लेकिन उनके प्रयास भी असफल रहे और टीम लौट गई। बुधवार को करीब 12 बजे पुलिस द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान प्रीति यादव का शव नदी के किनारे उतराया हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय बलिया भेज दिया है।

अराजक तत्वों ने अंबेडकर मूर्ति तोड़ी, बवाल

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र के बीबीपुर भीमबर गांव में मंगलवार रात अज्ञात अराजक तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ दिया। बुधवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। नाराज ग्रामीणों ने भीमबर बाजार-गोसाई मार्ग को जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने प्रतिमा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे, बाउंड्री और सुरक्षा गेट की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सूचना मिलते ही रौनापार थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सगड़ी

तहसीलदार विवेकानंद दुबे मौके पर पहुंचे। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार और गोपालपुर विधानसभा अध्यक्ष अवनीश धर्मदर्शी ने भी ग्रामीणों की मांगों को प्रशासन के सामने रखा। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था। तहसीलदार ने ग्राम प्रधान को तत्काल सीसीटीवी और गेट लगवाने का निर्देश दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और करीब दो घंटे बाद जाम समाप्त किया। नई प्रतिमा मंगवाकर स्थापना की तैयारी शुरू हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जिला पोषण समिति की बैठक

बलिया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सी.डी.पी.ओ. से कहा कि प्रत्येक माह कम से कम 20 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाए। इसके साथ ही उन्होंने आगामी 03 दिन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका के साथ बैठक कर आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ-सफाई सहित आदि कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुष्टाहार वितरण की स्थिति की समीक्षा के दौरान समय से पुष्टाहार का वितरण न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी सीडीपीओ को समय से पुष्टाहार का वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

पेयजल आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों ने दिया धरना

भांवरकोल (गाजीपुर)। क्षेत्र पंचायत के लौवाडीह पंचायत में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित पानी टंकी की सप्लाई रोके जाने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को स्थित पानी टंकी पर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का आरोप था कि दो दिनों से पानी की आपूर्ति ठप है ।लौवाडीह गाँव के साथ साथ पंचायत के सम्मिलित पुरवा पारो गाँव के लोगों के लिए यह टंकी काफी अहम है।लोग पानी अपने घरों में पीने के पानी के साथ साथ अन्य जरूरतों को भी पूरा करते है ऐसे में जलापूर्ति का एकदम से ठप कर देना एक तानाशाही रवैया है। जिसके विरोध में आक्रोशित ग्रामीण धरने पर बैठे है अंत मे जब टंकी की सप्लाई शुरू हुई तब जाकर ग्रामीण माने।ज्ञात हो कि गांव में जब पानी की सप्लाई अचानक बंद हो गयी तो ग्रामीण ऑपरेटर से पूछा तो उसने कहा कि ऊपर से आदेश दिया गया है कि सप्लाई बंद कर दी जाय। जिसके चलते आक्रोशित ग्रामीण धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव में अभी भी पानी टंकी का कनेक्शन आधा अधूरा है।

कई जगह न तो कनेक्शन है और न ही टोटी लगी है।जलजीवन मिशन के ब्लॉक इंचार्ज सुब्रतो ने बताया कि ग्राम प्रधान उन्हें एनओसी नही दे रहे है। जिससे सप्लाई काटनी पड़ी। धरने पर मौजूद

ग्रामप्रधान रविशंकर राय ने बताया कि ये विभागीय अधिकारी जबरिया हस्ताक्षर के लिए दबाव बन रहे है। जबकि अभी भी कनेक्शन आधा अधूरा है हर जगह सप्लाई नही दी जा रही, कई जगह टोटी नही लगा है। साथ ही ग्राम सभा मे खुदाई से जो रास्ता खराब हुआ है उसे ये लोग अभी भी ठीक नही कर रहे ऐसे में कैसे इन्हें एन ओ सी दे दिया जाय। धरना तीन घंटे चला। बाद में धरना प्रदर्शन की जानकारी होते ही शाम को विभागीय अधिकारियों के निर्देश के बाद पेयजल आपूर्ति शुरू करा दिया गया।

जांच रिपोर्ट से असंतुष्ट ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने पुनः जांच हेतु भेजी अधिकारियों की टीम

तरूणमित्र न्यूज

मार्टिनगंज,आजमगढ़। तरवां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा महुआपार में दुबारा जांच हेतु पहुंचे अधिकारियों को देख प्रधान सकबका गए। हुआ यह कि पिछले माह स्थानीय गांव निवाशी सूर्यप्रकाश सिंह एवं सैकंडों ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्यों में अनियमिता को लेकर आजमगढ़ जिलाधिकारी को अवगत कराया था जिसपर 22 अप्रैल को डीसी मनरेगा एवं विकास खंड अधिकारी उक्त गांव पहुंचे एवं ग्राम प्रधान के विकास कार्यों की जांच करते हुए शिकायतकर्ताओं के आरोप को निराधार बताया था।

जिससे असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं ने नामित जांच अधिकारी की भ्रष्टाचार में संलिप्तता बताते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वितीय को पुनः निष्पक्ष जांच कराने हेतु ज्ञापन सौंपा जिसपर जिलाधिकारी द्वारा दुबारा जांच हेतु नियुक्त टीम गांव महुआपार पहुंच कर पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए कार्यों की जांच शिकायतकर्ता द्वारा दर्शाए गए मुख्य विंदुवार पर गहनता से की।

जिसमें सत्र 2015 से सत्र 2020 में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए समग्र विकास कार्य सम्मिलित रहे जैसे लाभार्थी आवास पात्रता, शौचालय, व सामुदायिक शौचालय, सुंदरीकरण,चकमर्ग निर्माण कार्य आदि वहीं शिकायतकर्ता सूर्यप्रकाश आदि ने कहा कि ग्राम प्रधान पोली एवं सचिव विनय यादव द्वारा अपने पंचवर्षीय कार्य काल में बिना कोई कार्य कराए ही सरकारी धन का दुर्पयोग कर आपस में बंदर बाँट कर लिया गया है जिसकी शिकायत हम पूर्व में अधिकारियों से दर्जनों बार कर चुके हैं। परंतु अधिकारियों द्वारा भ्रष्ट ग्राम प्रधान एवं सचिव पर अबतक कोई कार्यवाई नहीं की गई।

अतिक्रमण के खिलाफ चला प्रशासन का डंडा

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय नगर क्षेत्र में लंबे समय से जारी अतिक्रमण की समस्या पर प्रशासन ने अब सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। विशेष रूप से दीवानी न्यायालय और उसके आस-पास के इलाकों में सड़क किनारे फैलते ठेले, खोमचे और फुटपाथ की अस्थायी दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। उप जिलाधिकारी हर्षिता तिवारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि यदि अतिक्रमणकारियों ने स्वयं अपने अतिक्रमण नहीं हटाए, तो प्रशासन उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा।

नागरिकों ने उठाई अन्य समस्याओं के समाधान की मांग

अतिक्रमण हटवातीं उपजिलाधिकारी।

जानकारी के अनुसार, मोहम्मदाबाद रजिस्ट्री कार्यालय से लेकर दीवानी न्यायालय और सलेमपुर मोड़ तक की सड़क पर अस्थायी दुकानों और अतिक्रमण का वर्षों से कब्जा है। इन दुकानों पर आने वाले ग्राहकों द्वारा सड़क पर साइकिल, बाइक आदि खड़ी कर दी जाती हैं, जिससे मार्ग अक्सर जाम हो जाता है। इस स्थिति से राहगीरों, स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ती है। उप जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण की पहचान कर तत्काल प्रभाव से हटाया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। उनके साथ मौके पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी वीरेंद्र राव भी उपस्थित रहे। उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई बिना देरी के आरंभ होनी चाहिए।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह एक सकारात्मक कदम है और इससे नगर की व्यवस्था में सुधार की आशा जगी है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अतिक्रमण के साथ-साथ नगर की अन्य प्रमुख समस्याओं—जैसे कि अनियमित विद्युत आपूर्ति, दूषित पेयजल व्यवस्था और खराब जल निकासी प्रणाली—के समाधान की भी उतनी ही आवश्यकता है। नागरिकों का कहना है कि इन समस्याओं के कारण उन्हें रोजमर्रा के जीवन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में घंटों बिजली गायब रहना, नलों से गंदा और बदबूदार पानी आना, तथा बरसात में जलभराव की स्थिति जैसी समस्याएं वर्षों से नगरवासियों की तकदीर बन चुकी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन इन मुद्दों पर भी उसी तत्परता से कदम उठाएगा जैसा कि अतिक्रमण के मामले में देखा गया है।

के.सी.सी. के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को ऋण दिया जाये : डीएम

तरूणमित्र न्यूज

बलिया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने ऋण-जमानुपात की समीक्षा के दौरान मानक के अनुसार ऋण-जमानुपात न पाए जाने पर नाराज़गी प्रकट करते हुए सभी बैंकर्स को प्रगति लाते हुए मानक के अनुसार ऋण-जमानुपात सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत ऋण आवेदनों को समयबद्ध निस्तारित किया जाय। कोई भी ऋण आवेदन लंबित न रखा जाए। उन्होंने के.सी.सी. के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को ऋण देने के निर्देश देते हुए कहा कि लम्बित ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित किया जाय। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में भी लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को जनपद की ओ.डी.ओ.पी. बिंदी एवं सत्तू का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने एवं प्रदर्शनी लगाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाते हुए पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में माननीय सांसद सनातन पाण्डेय तथा अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

असंतुलित टेम्पू पलटा चार घायल, एक रेफर

नवानगर(बलिया)। बेल्थरा-सिकन्दरपुर मार्ग पर स्थित कठघरा शिव मंदिर के समीप मंगलवार को एक तेज रफ्तार टेम्पू असंतुलित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर में चल रहा है, जबकि एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार उपाध्याय परिवार दिल्ली से ट्रेन द्वारा बेल्थरा रोड रेलवे स्टेशन पर उतरा था। वहां से सिकन्दरपुर आने के लिए टेम्पू से रवाना हुए। जैसे ही टेम्पू कठघरा शिव मंदिर के पास पहुंचा, तेज रफ्तार के कारण चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और टेम्पू असंतुलित होकर पलट गया।

हादसे में सिकन्दरपुर निवासी दयाशंकर उपाध्याय (55 वर्ष), उनकी पुत्री नेहा मिश्रा (30 वर्ष), नातिन अक्षरा मिश्रा (5 वर्ष) तथा गौरी निवासी विंदू (22 वर्ष) पत्नी जितेन्द्र घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर पहुँचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अक्षरा मिश्रा की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

महावीरी झंडोत्सव को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

सिकंदरपुर (बलिया)। आगामी महावीरी झंडोत्सव के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर मंगलवार को पुलिस चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, अखाड़ा प्रतिनिधियों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। उपजिलाधिकारी ने सभी से त्योहार को सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने असामाजिक तत्वों से सतर्क रहने और किसी भी अफवाह की सूचना तुरंत प्रशासन को देने का आग्रह किया। सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं से बचने की सलाह भी दी गई। प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था का भरोसा दिलाया। बैठक में सीओ रसड़ा आलोक कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह समेत कई अधिकारी व सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

मानव कल्याण के लिए रुद्र महायज्ञ जरूरी : पं0 गोविंदाचार्य जी महाराज

तरूणमित्र न्यूज

भांवरकोल (गाजीपुर)। मानव कल्याण के लिए रुद्र महायज्ञ का आयोजन जरूरी है। यज्ञ से मानव जीवन में लाभ मिलता है। यज्ञ हर तबके को आपस में जोड़ने का काम करता है। गांव, समाज, आपसी सद्भाव, आत्मा परमात्मा, दोस्त मित्र, हित कुटुंब सभी को एक सूत्र में पिरोने का कर्म ही यज्ञ होता है।

ये बातें क्षेत्र के अराजी बुढ़ैला पांडेय का पूरा (अमरूपुर) में आयोजित नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन प्रवचन में पहुंचे श्रद्धालुओं को यज्ञ के महत्व का रसपान कराते हुए बिहार के बक्सर से आए पं. गोविंदाचार्य जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि यज्ञ में पड़ने वाले आहूति से प्रकृति का श्रृंगार होता है साथ ही वातावरण शुद्ध होता है। यज्ञ से सामाजिक समरसता एवं

सद्भाव कायम होती है। उन्होंने कहा कि द्वापर युग में सामाजिक समरसता बनाने के उद्देश्य से भगवान श्रीराम ने महायज्ञ किया था। उन्होंने कहा कि यज्ञ करने से वायुमंडल एवं पर्यावरण में शुद्धता आती है। यज्ञ के दौरान सभी देवतागण सूक्ष्म रूप से उपस्थित होकर जीव को आशीर्वाद देते हैं।

यज्ञ को वेदों में मनुष्य के समस्त अभावों एवं बाधाओं को दूर करने वाला साधन माना गया है। यजुर्वेद में कहा गया है कि जो यज्ञ को त्यागता है, उसे परमात्मा त्याग देते हैं। यज्ञ के द्वारा ही साधारण मनुष्य देव योनि यानी मोक्ष को प्राप्त करते हैं और स्वर्ग के अधिकारी बनते हैं। यज्ञ में जलती अग्नि का मुख ईश्वर का मुख होता है। यज्ञ की आहुति भगवान का भोजन होता है, यज्ञ में जो कुछ भी आहुति दिया जाता है वह सीधे भगवान का मुख में चला जाता है। इस दौरान मुख्य यजमान शशिकांत पाण्डेय ऊर्फ अकालू पाण्डेय, गिरिजा देवी, चंदन गोड, सोनी देवी, राहुल पांडेय, सुकुल यादव, यशोदा देवी, गोविंद पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, रामजी पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम का किया भ्रमण

सभी तैयारियां समयबद्ध सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

तरूणमित्र न्यूज

बलिया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दिनांक 21 जून को (11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस) आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम स्थल-वीर लौरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम का भ्रमण किया।

जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी से अब तक की तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए योगाभ्यास कार्यक्रम गरिमामय व भव्य तरीके से आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने होर्डिंग लगवाने सहित शासनादेश के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी

ने बताया कि योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा। योगाभ्यास कार्यक्रम जनपद स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक मुख्यालय एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित किया जाएगा।

बलिया थाना मनियर परिसर के अन्दर दो युवकों द्वारा रील बनाकर सोसल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल किया गया। वायरल वीडियों के सम्बन्ध में दोनो युवकों अर्जुन राजभर पुत्र अनिल राजभर निवासी विशुनपुरा थाना मनियर जनपद बलिया उम्र करीब 25 वर्ष, बबलू राजभर पुत्र सुभाष राजभर निवासी विशुनपुरा थाना मनियर जनपद बलिया उम्र करीब 22 वर्ष उपरोक्त दोनो मिलकर थाना परिसर में रील बनाकर सोसल मिडिया पर वायरल किया गया जिससे समाचार चैनलों / मीडिया न्यूज चलाया गया। जिसके उपरान्त उपरोक्त दोनो लड़कों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध धारा 170,126,135 बीएनएसएस के अंतर्गत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

मान्यता प्राप्त
माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी
स्थापित-1971
कम्प्यूटर शिक्षा मुफ्त
प्रवेश प्रारम्भ
भारती विद्या मन्दिर
स्वयमेव मृगेन्द्रता
वाजिदपुर उत्तरी (अहियापुर) जौनपुर
शिशु से जूनियर हाईस्कूल तक
हमारी सुविधायें
1. हवादार खुला भवन।
2. शिक्षण की आधुनिकतम तकनीकी।
3. प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा शिक्षण।
4. बच्चों के शारीरिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक विकास पर बल।
Admission
सभी कक्ष CCTV कैमरे युक्त
प्रधानाचार्य
कमलेश कुमार पाल
एम.ए., बी.एड.
Mob.: 9793402512
प्रबन्धक
आदर्श कुमार 'सम्पादक'
Mob.: 9452984488
सहप्रबन्धक- नरेन्द्र कुमार गुप्त
Mob.: 8088051925
नोट- 3 सगे भाई-बहनों में 1 की फीस माफ।
शिशुओं को खेल उपकरण द्वारा शिक्षा।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक

ट्रेड (कोर्स)	अवधि	पात्रता
फिटर	2 वर्ष	हाईस्कूल
इलेक्ट्रिशियन	2 वर्ष	हाईस्कूल

सीमित सीट
★आधुनिक वर्कशाप ★ अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ
प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज
A.N.M. 10+2 (Art/Bio)
G.N.M. (A) 10+2 (Bio)
B.Sc. Nursing (A) 10+2 (Bio)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
O.T.T. डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टैक्निशियन
D.P.T. डिप्लोमा इन फिजियोथिरैपी
OPTOMERTY डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री टैक्निशियन
कुत्तूपुर, जौनपुर Mob. : 7275314939, 9236627158

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Station, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्रान्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

लॉस एंजिलिस में 5 दिन से जारी विरोध प्रदर्शन

ट्रंप ने उतारे मरीन और नेशनल गार्ड

नई दिल्ली। अमेरिका का लॉस एंजिलिस शहर सुलग रहा है। वजह है अमेरिका के अधिकारियों का अवैध इमीग्रेशन को रोकने के लिए इस शहर में छापा मारा और दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में स्थित लॉस एजेंलिस की आबादी में बेहद विविधता है। लॉस एंजिलिस को अमेरिका के सबसे धनी और शक्तिशाली लोगों का गढ़ माना जाता है। इस शहर की 56 फीसदी आबादी अंग्रेजी के साथ-साथ स्पेनिश बोलती है। अमेरिका के ऐसे पॉश इलाके में हिंसा यूं ही नहीं भड़की।

इसकी शुरुआत शुक्रवार को हुई, जब लॉस एंजिलिस में इमीग्रेशन और कस्टम इंफोर्समेंट के अधिकारियों ने लैटिन आबादी वाले क्षेत्रों में छापा मारा और अवैध माइग्रेंट्स व गैंग के सदस्य होने का आरोप लगाकर कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद शहर के लोग उग्र हो गए और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी होने लगी। लोगों ने उनपर अंडे फेंककर विरोध प्रदर्शित किया। इसके बाद एजेंसी ने इस विरोध प्रदर्शन को काबू करने के लिए मिर्च स्प्रे और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया गया। इस एक्शन ने भीड़ के गुस्से को और भड़का दिया और पिछले 5 दिन से शहर में विरोध-प्रदर्शन चल रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने 700 मरीन और 4000 से अधिक नेशनल गार्ड सैनिकों को तैनात किया है। लेकिन विरोध प्रदर्शन रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। यूएसए टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, लॉस एंजिलिस के आधे से अधिक नागरिक विदेशी मूल के है। इसमें 1.89 मिलियन खुद को लैटिन, 0.5 मिलियन एशियाई, हवाईयन और प्रशांत द्वीप के हैं। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद अवैध प्रवासियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है।

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर
आयु सीमा 17-35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रिवांश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधायें-
जनरल सर्जरी, अपेण्डिक्स, हार्निया
बच्चेदानी का ऑपरेशन, पेट आंत
पित्त की थैली के पथरी का ऑपरेशन
हाइड्रोसिल, गुर्दे की पथरी
प्रोस्टेट (दूरबीन विधि द्वारा), बवासीर
भगन्दर, फिशर का ऑपरेशन क्षार सूत्र विधि द्वारा, यूरो सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक
सर्जरी ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा करने की सुविधा इत्यादि
डॉ. पवन चौरसिया B.A.M.S., M.S. (Ay) जनरल एण्ड एनोरेक्टल सर्जन
डॉ. फैजल जावेद M.B.B.S फिजीशियन
डॉ. डी.के. गुप्ता M.B.B.S., MS, Mch, Urologist यूरो सर्जन
लाइन बाजार तिराहा, वाराणसी रोड, जौनपुर
Mob.: 8765452133, 9336748494, 9415161571
24/7 EMERGENCY SERVICE

भारतीय नौसेना ने जलते जहाज से 18 लोगों को किया रेस्क्यू

नई दिल्ली। केरल तट के पास सिंगापुर फ्लैग वाले जहाज में आग लग गई थी। भारतीय नौसेना की तरफ से उसके चालक दल को सफलतापूर्वक बचाने के एक दिन बाद चीन ने भारत का आभार जताया है। भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने एक्स पर लिखा कि जहाज पर सवार 22 लोगों में से 14 चीनी नागरिक थे। उन्होंने भारतीय नौसेना और मुंबई तटरक्षक बल को जहाज से नागरिकों को बचाने के लिए धन्यवाद दिया। यू जिंग ने एक्स पर लिखा, 9 जून को, एमवी वान हाई 503 में केरल के कोच्चि के पास 44 समुद्री मील दूर जहाज पर विस्फोट हुआ और आग लग गई। जहाज पर सवार कुल 22 चालक दल के सदस्यों में से 14 चीनी थे, जिनमें 6 ताइवान के थे। हम भारतीय नौसेना और मुंबई तटरक्षक बल के प्रति उनके तुरंत एक्शन बचाव के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

निःसन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

उमानाथ सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
पिलखिनी, जौनपुर (उ.प्र.)
(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)
वर्तमान सत्र- 2025-26 से मान्यता प्राप्त विषय
कला संकाय (बी.ए.)
प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, होम साइन्स, समाज शास्त्र।
विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
प्रवेश प्रारम्भ - शीघ्रता करें - सीटें सीमित

स्वर्ण आभूषण होल सेल से कम रेट पर
16 वर्षों से शुद्धता एवं विश्वास की कसौटी पर ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरे सोने के भाँति निरंतरता को बनाये रखते हुए आमंत्रित करता है अपने प्रतिष्ठान
सौरव ज्वेलर्स
(अण्डरग्राउण्ड शोरूम)
सम्मानित ग्राहकगण
सोने के बढ़ते हुए रेट में सौरव ज्वेलर्स आपको सोने व चाँदी के जेवर होल सेल के सभी कम रेट पर आपको ज्वेलरी देने का प्रयास निरंतर कर रहा है। जिससे आप सभी को कुछ राहत मिल सके।
18 कैरेट जेवर पर 18 कैरेट का ही भाव लगेगा
22 कैरेट जेवर पर 22 कैरेट का ही भाव लगेगा
सोने के जेवर पर मेकिंग चार्ज 3.9 प्रतिशत से शुरू।
जो कि प्रदेश में पहली बार इतने न्यूनतम बनवाई पर HUID हाल मार्क गहने आप प्राप्त कर सकेंगे।
विश्वास ही हमारी परम्परा है।
Gomti Press, Jaunpur
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर
प्रो0-सौरव कुमार बैंकर मो0- 7317337000

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो. लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू. टैरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशियलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुल्तानगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725958, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
SAMC
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P., आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET qualifying score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप
एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS
HURRY UP!
PRE BOOK YOUR SEAT NOW
NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

CATEGORY	PERCENTILE	MARKS
GEN/EWS	50%ile	164
OBC	40%ile	129
SC	40%ile	129
ST	40%ile	129

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

अमेरिका में FBI की गिरफ्त में पाकिस्तानी नागरिक

नई दिल्ली। कनाडा में रह रहे पाकिस्तानी नागरिक को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया है। पाकिस्तानी नागरिक पर आतंकवाद की गतिविधियों में शामिल होने का आरोप था।

इसके मद्देनजर एफबीआई ने पुष्टि की कि कनाडा में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिक को आतंकवाद के आरोपों का सामना करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया है। मुहम्मद शाहजेब खान पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) के समर्थन में ब्रूकलिन में एक यहूदी सेंटर पर सामूहिक गोलीबारी की साजिश रचने का आरोप है। मुहम्मद शाहजेब खान ने इस्लामिक स्टेट के समर्थन में हमले का प्लान बनाया था। उसका मकसद 7 अक्टूबर 2023 को हुए इजरायल पर हमास की हमले की सालगिरह पर इसे अंजाम देना था। शाहजेब का अमेरिका सीमा में घुसकर यहूदी समुदाय पर हमले की साजिश रचने का प्लान था।